खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, बुधवार 9 जुलाई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 318 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में महिला आर्थिक सशक्तिकरण करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन पेज 2



टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति शर्मा खेल टाइम्स



ई-डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत पेज 12

## यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट सिर में गंभीर चोट

**हापुड़।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, ड्राइवर सतबीर के हाथ में चोट लगी है। हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। सीएमओ डाक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है। मंत्री के सिर की एमआरआई कराई जा रही है।

## ट्रेड यूनियन्स का दावा 25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं बुधवार (आज) 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में बुधवार को 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है। फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है।

## निष्क्रिय जन धन खाते नहीं होंगे बंद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गई है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है।

## उत्तरकाशी में भूकंप के हल्के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार अपराह्न भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और भूकंप एप से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र तहसील मोरी क्षेत्र के ग्राम जखोल के जंगलों में था। इसकी तीव्रता 3.2 मैग्नीट्यूड और गहराई पांच किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र 31.22 उत्तरी अक्षांश और 78.22 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

# पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई- कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है।

यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिये पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और



फाइल फोटो

डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं, तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग (टीएफ) की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग

**■ FATF की रिपोर्ट में खुलासा, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से हुआ था पेमेंट**

परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया, तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतर्राष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

# क्रिकेटर यश दयाल पर यौन शोषण का मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उप्र के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

उप्र के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा



दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार, क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे -शेष पृष्ठ दो पर

# ट्रम्प की टैरिफ स्ट्राइक, 14 देशों को झटका, भारत सुरक्षित

## जापान व स. कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, एक अगस्त से होगा लागू

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश- जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। टैरिफ बढ़ाने के दायरे में भारत शामिल नहीं है।

इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके



**भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द जापान- साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील**

**ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब, भारत व अमेरिका वाशिंगटन में वार्ता कर रहे**

देश से आने वाले सामान पर अब 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने एक अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ -शेष पृष्ठ दो पर

# ड्रीमलाइनर क्रैश: 26 दिन बाद आई शुरुआती जांच रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है।

इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो



**■ एएआईबी ने सरकार को सौंपी, विस्तृत रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना**

गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद सीवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एयर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था। एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल -शेष पृष्ठ दो पर

# खेमका हत्याकांड: शूटर देने वाला अपराधी मारा गया

**पटना।** बिहार के बड़े कारोबारी और मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या से जुड़ा संदिग्ध अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार को पुलिस ने खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया था।

गोपाल खेमका की हत्या से जुड़े एक संदिग्ध विकास उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मंगलवार को जब मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर पहुंची, तभी उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपनी सुरक्षा में गोली चलाई और इस मुठभेड़ में राजा मारा गया। शूटर उमेश को राजा ने हथियार उपलब्ध कराया था। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि राजा पर पहले से कई मामले दर्ज थे। कई हत्याओं में उसका नाम शामिल है।

## देश में अब तक 254 एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6 एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई।

# छांगुर बाबा की आलीशान कोठी जमींदोज

बलरामपुर, वार्ता

**उप्र के बलरामपुर** जिला प्रशासन ने अवैध धर्मांतरण कांड के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी को बुल्डोजर से नेस्तानाबूद कर दिया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि धर्मांतरण समेत कई काले कारनामों का मास्टमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की उतरौला तहसील में तीन बीघे में बनी करोड़ों की आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिराया जा रहा



है। जमालुद्दीन को आंतक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। जांचोपरांत आरोपी पाए गए स्वयंभू पीर की संपत्तियों पर शिकंजा कसने के साथ छांगुर बाबा की सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण तत्काल उपलब कराया गया, जिसमें कई संपत्तियां नगर क्षेत्र और देहात में उसके और रिश्तेदारों के नाम पर मिली है। उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

## अवैध धर्मांतरण के आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त: योगी

**लखनऊ।** धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाएगी, जो समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा। योगी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# पूर्व आईजी विमला व कर्नल नेगी बने उत्तराखंड में रिवर्स पलायन की नजीर

मौ. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय गांव दशकों से पलायन की मार झेलते आ रहे हैं, लेकिन अब वहीं से एक नई कहानी जन्म ले रही है। एक रिवर्स पलायन की कहानी। जहां रिटायरमेंट का अर्थ विश्राम नहीं, बल्कि गांव के लिए समर्पण और पुनर्निर्माण बन चुका है।

पूर्व पुलिस महानिरीक्षक विमला गुंज्याल और पूर्व कर्नल यशपाल सिंह नेगी दो नाम, दो पृष्ठभूमियां, लेकिन एक ही

**■ सेवानिवृत्ति नहीं सेवा का नया अध्याय जब रिटायरमेंट बना नई शुरुआत का रास्ता**

ध्येय: अपने गांव को फिर से जीवंत बनाना। विमला गुंज्याल, जिन्होंने राज्य और देश के लिए सुरक्षा सेवा में 30 वर्षों से अधिक का समय दिया, अब सीमांत गांव गुंजी (पिथौरागढ़) की निर्विरोध ग्राम प्रधान बनी हैं। वहीं, सेना से रिटायर हुए कर्नल यशपाल सिंह नेगी ने बिरगण (पौड़ी) गांव का नेतृत्व संभाला है। उनकी जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब गांवों में योग्य नेतृत्व की वापसी हो रही है।

### गांवों में लौट रहा विश्वास, बनाना होगा टिकाऊ समाधान

यह बदलाव सिर्फ नेतृत्व का नहीं, सोच का भी है। गांव जिन्हें कभी पीछे छोड़ दिया गया था, अब उन्हें 'सपनों का क्षेत्र' बनाने का प्रयास शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्राुंज्याल और नेगी जैसे लोग गांव लौटकर जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं, वह रिवर्स पलायन की एक मिसाल है। राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग देगी। गुंजी और बिरगण को अब मॉडल ग्राम पंचायतों के रूप में विकसित करने की योजना है। बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका से लेकर जैविक खेती तक, नई दिशा में काम शुरू हो चुका है। बिमला गुंज्याल बताती हैं कि गांव की महिलाओं के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर जैसे अहम काम उनकी प्राथमिकताओं में हैं। उनका कहना है कि मुझे लगा अब मेरी जरूरत गांव में है। यहां के बच्चों, महिलाओं, किसानों के लिए कुछ ठोस करना है। कर्नल नेगी का फोकस बागवानी और सेना से जुड़े युवाओं को प्रेरित करने पर है। गांव लौटे शिक्षित और अनुभवी लोगों को स्थानीय शासन में लाना, पहाड़ों की सबसे बड़ी ज़रूरत बन गया है। इससे न सिर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

# हज-2026 के लिए आवेदन शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस:// हजकमेटी डॉटजीओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर

**■ ऑनलाइन आवेदन विंडो 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी**

सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो मंगलवार से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट होना अनिवार्य है और यह कम से कम 31 दिसम्बर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज समिति आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा के जरिए रोपे जाएंगे साढ़े बारह करोड़ पौधे

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस बार अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम पर आधारित होगा। पूरे प्रदेश में लखीमपुर खीरी को इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। यहां 42 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। इसके बाद सोनभद्र को दूसरा और हरदोई को तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इन जिलों में जलवायु और जमीन की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। अधिकृत सूत्रों ने बतायाकि मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण के लिए प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों को चिन्हित कर वहां की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाएगा।

### कश्मीर की पर्यटन क्षमता सुंदर परिदृश्यों तक ही सीमित नहीं

**श्रीनगर।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर की पर्यटन क्षमता यहां के सुंदर और मनोहारी परिदृश्यों से कहीं आगे तक फैली हुई है। श्री शेखावत ने आज यहां पर्यटन सचिवों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर के बारे में आम धारणा काफी हद तक श्रीनगर, डल झील, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे प्रतिष्ठित स्थलों तक ही सीमित है। उन्होंने जम्मू -कश्मीर पर्यटन विभाग और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से संस्कृति-संचालित पर्यटन के जरिए अलग वैश्विक पहचान बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का वर्ष भर चलने वाला कैलेंडर तैयार करने का भी आग्रह किया।

# डब्ल्यूईई इंडेक्स करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन

## सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक (डब्ल्यूईई इंडेक्स) की प्रस्तुति की गई। यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने इसे 'नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम' बताया। इस सूचकांक में पांच प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जिलों का मूल्यांकन किया गया है। यह सूचकांक यह बताता है कि किस जिले में महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिला और कहां अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश



दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इस सूचकांक के आधार पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्य योजनाएं बनाएं। प्रस्तुति में यह भी सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जनपदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। उदाहरण के लिए, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा है, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जनपदों में विशेष प्रयासों की आवश्यकता महसूस की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए बांदा, जालौन, जौनपुर, महोबा, श्रावस्ती और सीतापुर सहित सभी जनपदों में विशेष अभियान चलाया जाए। जिन जनपदों में अभी तक महिलाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, वहां विशेष प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड एवं शिक्षकों की नई भर्तियों में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को वरीयता दी जाए। राज्य सरकार का यह दायित्व है कि महिलाओं को न सिर्फ सम्मान मिले, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन की संरचनाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। यह भी निर्देश दिए गए कि तकनीकी संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर रहेगा उजाला

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों को दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा और सुगम और निर्बाध बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए-के- शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न हो।

इस संबंध में ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष रूप से रात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि अधिकतर श्रद्धालु रात्रिकाल में यात्रा करते हैं। पूर्व वर्षों में कुछ स्थानों पर ऊंचे डीजे के बिजली तारों से टकराने की घटनाएं हुई थीं। इस पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा मार्गों पर केवल निर्धारित ऊंचाई वाले डीजे वाहन ही चलें। श्री शर्मा ने बताया कि साथ ही खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाउंड्री बनाने तथा बिजली के खंभों को इंसुलेट करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो। उन्होंने बताया कि नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि यात्रा मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक कराया जाए तथा संपूर्ण मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाए। सभी पॉटहोल्स को समय रहते भर दिया जाए ताकि यात्रा सुगम हो सके। यात्रियों के ठहरने के लिए पंडालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्वच्छता के लिए कूड़ा निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही यात्रा मार्गों पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएं। नगर विकास मंत्री ने बताया कि महाकुंभ जैसे आयोजनों से प्रेरणा लेते हुए कांवड़ यात्रा मार्गों पर होर्डिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा और इसे एक 'स्वच्छ त्योहार' के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है।

# यूपी के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का होगा निर्माण

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लगभग दो हजार भवनों का निर्माण जारी

**लखनऊ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण किया जाएगा।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रत्येक जिले में मॉडल के रूप में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में प्रदेश में अब तक तीन हजार 534 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लगभग दो हजार भवनों का कार्य निर्माणाधीन है। सरकार द्वारा मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के अलावा राज्य वित आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वान्चल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि अथवा अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जिला 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अलावा इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है। योगी की अध्यक्षता में बीते दिनों हुए कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर भी लगा दी गई है। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में कई निधियों से धनराशि का प्रावधान किया जाना है।

## अमेरिकी कंपनी उड़ाकर ले गई करोड़ों रुपये: कांग्रेस

# सेबी की नाक के नीचे हो रहे घपले ही घपले

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाला करने वाली कंपनी देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई, लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की

**कांग्रेस** ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी के नये मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली। उन्होंने कहा कि देश में तमाम संस्थाएं ऐसी हैं, जो मोदी सरकार में लगातार धराशाई होती जा रही हैं। इसमें सबसे आगे सेबी का नाम है जिसकी नाक के नीचे घोटाले-घपले होते हैं और आम निवेशकों को चूना लगाकर लूटा गया है लेकिन सरकार की नींद ही नहीं खुली। जो कंपनी जनता को चूना लगा रही है उसको देखा क्यों नहीं गया, उसकी निगरानी क्यों नहीं हुई। कंपनी ने अवैध मुनाफे के 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बाहर भेज दिए लेकिन सरकार की तरफ से उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब देश से पैसा बाहर जा रहा था तो कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रवक्ता ने कहा कि एक कंपनी देश में आती है, पैसा बनाती है और देश की जनता का पैसा लूटकर वापस चली जाती है। कमाल तो यह है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसको लेकर बार- बार चेतावनी देते रहे लेकिन सरकार ने कई साल तक इसकी सुध नहीं ली और अब हजारों करोड़ रुपए देश से घोटाला कर बाहर चले गए हैं और उसकी एवज में जो वसूली की गई वह बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है, जो कि भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एकसाथ ऑपरेट कर रही थी और अवैध मुनाफा कमा रही थी।

### बिहार में खत्म हो गई कानून-व्यवस्था: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि खुलेआम हत्याएं की जा रही है और पुलिसकर्मियों पर हमला किया जा रहा है। श्री खड़गे ने आज कहा कि जनता दल यू और भाजपा सरकार में बिहार अपराध की राजधानी बन गया है और अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। बिहार में अपराधों की बाढ़ को देखते हुए वहां निवेश नहीं हो रहा है और बिहार बदहाल हो रहा है इसलिए वहां इस बार बड़ा बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा कि बिहार में अवसरवादी डबल इंजन सरकार ने कानून व्यवस्था तबाह कर दी है। पिछले छह माह में आठ कारोबारियों की हत्या और पांच बार पुलिसकर्मियों की पिटाई की घटनाएं हुई है।



**सेंसेक्स** 83712.51
**निफ्टी** 25522.50



**सोना रु.** 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 107690
प्रति किलो



# अमेरिकी समझौते की उम्मीद से बाजार में तेजी

मंबई, वार्ता



**स्थानीय** शेयर बाजारों में मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच एक लघु व्यापार समझौते की उम्मीद के बीच आखिरी दौर के कारोबार में खास कर बैंकिंग, वित्तीय और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों को लिवाली के समर्थन से प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

सोमवार की तरह आज भी सीमित और सावधानी भरे कारोबार के कारण बाजार सुस्त चल चल रहा था और प्रमुख सूचकांक पिछले स्तर पर बने हुए थे। आखिरी समय में लिवाली का समर्थन बढ़ गया था। आखिरी दौर की लिवाली के समर्थन से बीएसई संसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51अंक पर तथा नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी इसी तहर दिन में अधिकांश समय गिरावट में रहने के बाद अंत में 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितताओं और स्थानीय स्तर पर किसी ठोक संकेत के अभाव में बाजारों में अब भी नरमी का रुख बरकार है। बीएएसई संसेक्स कल 83,442.50 पर बंद हुआ था। बाजार आज 83,387.03 पर नरमी के साथ खुला था और कारोबार के दौरान संसेक्स ऊपर में 83,812.31 और नीचे में 83,320.95 तक गया था। एनएसई 25,427.85 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,548.05 और नीचे में 25,424.15 तक गया था। एनएसई के व्यापक बाजार में कुल 3023 कंपनियों के शेयरों का लेन-देन दर्ज किया गया। इनमें 1352 लाभ में और 1564 घाटे में बंद हुए 108 शेयरों में स्थिरता रही। बीएसई संसेक्स के 30 में से 18 शेयर 0.22 प्रतिशत से 3.61 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध,धन प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आज के सत्र के अधिकांश समय बाजार में मंदी रही, लेकिन ऐसी रिपोर्टों के बीच कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एक छोटे व्यापार सौदे की आज घोषणा की जा सकती है, आखिरी दौर में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बंगलादेश पर 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद कपड़ा शेयरों में तेजी आई।

### सोना महंगा होकर 97,195 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 599 रुपए बढ़कर 97,195 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल इसका दाम 96,596 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,159 रुपए बढ़कर 1,07,690 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कल चांदी का दाम 1,06,531 रुपए किलो था। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,990 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच तनातनी से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

# धान का रकबा बढ़ा, दलहन तिलहन के रकबे में दिखाई दी तेजी

नई दिल्ली, वार्ता



देश में इस साल खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार तेजी देखी जा रही है। कृषि मंत्रालय से मंगलवार को प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल खरीफ फसलों का रकबा 43.66 लाख हेक्टेयर अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा बीते साल की तुलना में 4.78 लाख हेक्टेयर बढ़ गया। खरीफ 2024-25 में अब तक धान का रकबा 64.52 लाख हेक्टेयर था जो इस समय 69.30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दलहन का रकबा भी खासा बढ़ गया है। पिछले वर्ष दलहन की बिजाई 31.48 लाख हेक्टेयर में हुई थी पर अब इसका क्षेत्रफल बढ़ कर 42.57 लाख हेक्टेयर हो चुका है। धान और दलहन के अलावा मोटे अनाजों का रकबा 13.40 लाख हेक्टेयर और तिलहन का 13.31 लाख हेक्टेयर के साथ एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में ज्यादा पर चल रहा है। नगदी फसलों में ईख का रकबे में मामूली तेजी देखी गई है। पिछले साल इस समय तक 55.16 लाख हेक्टेयर में यह फसल लगी थी पर अब ये क्षेत्रफल बढ़कर 52-51 लाख हेक्टेयर हो गया है। कपास का रकबा भी 0.96 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। इस साल रागी, रामतिल, अरंडी और जूट के रकबे में मामूली गिरावट आई है ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प की...** लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर एक अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विट्जरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की।

**क्रिकेटर यश...**अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी बहू के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है कि पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने दयाल पर वित्तीय शोषण का भी आरोप लगाया है और खुलासा किया है कि उसने अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह के संबंध बनाए रखे। 14 जून को महिला हेल्पलाइन (181) से संपर्क करने के बावजूद, उसका दावा है कि स्थानीय पुलिस ने शुरू में कार्रवाई नहीं की। अब, उसने हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क किया है।

**ड्रीमलाइनरः** एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। हादसे की जांच 13 जून से ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीम कर रही है। इसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) अफसर और अमेरिका की एनटीएसबी के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

**छांगुर बाबा...**जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। एटीएस द्वारा आरोपी बाबा संग गिरफ्तार की गई नसरीन उर्फ नीलू की संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा के झांसे में धर्मांतरण कर फंसी नीतू भी धर्मांतरण में मददगार थी। यूपीएसटीएफ ने लखनऊ में करीब आठ माह पूर्व आरोपी बाबा के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया था, जिसमें दस लोगों को नामजद किया गया था। इनमें कई आरोपियों को एटीएस गिरफ्तार कर चुकी है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 40 धार्मिक संस्थाओं की स्थापना के नाम पर बाबा को करीब सौ करोड़ रुपये की फंडिंग की गई। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए सीजीएम कोर्ट पर क्लर्क राजेश उपाध्याय और उसकी पत्नी संगीता पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं। अवैध धर्मांतरण के गिरोह का नेटवर्क महाराष्ट्र तक फैला है। एटीएस की एफआईआर में मापुर उतरौला के जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा, महबूब, नीतू उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जलालुद्दीन के साथ ही मोहम्मद सवरोज, रशीद, गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरामाफी निवासी शहाबुद्दीन, गोंडा के गानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा निवासी रमजान, महाराष्ट्र के नागपुर शहर के मांगपुर निवासी ईदुल इस्लाम व एक अज्ञात का नाम शामिल हैं। एटीएस का दावा है कि आजमगढ़ में भी एक मुकदमा छांगुर के सहयोगियों पर दर्ज है। यही नहीं अब नामजद के अलावा आठ अन्य लोग भी आरोपित किए गए हैं। इस तरह 18 में चार की ही गिरफ्तारी हो पाई है। 14 लोगों की तलाश के लिए एटीएस ने अलग-अलग टीमें बनाई है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**गांवों में...**विकास होगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा। यह सिर्फ वापसी नहीं, क्रांति है। आईपीएस विमला गुंज्याल और कर्नल यशपाल सिंह नेगी की यह वापसी भावनात्मक भी है और रणनीतिक भी। यह बताता है कि पहाड़ केवल खूबसूरत नहीं, बल्कि संभावनाओं से भरे हुए हैं। बस उन्हें देखने और संवारने की ज़रूरत है। इन दोनों के कदमों से कई प्रवासी उत्तराखंडियों के मन में भी गांव लौटने की ललक जगी है।।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भू-उपयोग नियमों का उल्लंघन करने वाले 301 पर मुकदमे

## राज्य में भू-उपयोग उल्लंघन के मामलों में की गई बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश में भू अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रदान की गई भूमि क्रय की अनुमति के सापेक्ष भू उपयोग उल्लंघन के मामलों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर तेजी से कार्यवाही गतिमान है।

राज्य में उत्तराखंड भूमि अधिनियम की धारा 154 (4) (3) क के अंतर्गत कुल 532 प्रकरणों पर भूमि क्रय की अनुमति प्रदान की गयी है जिसके सापेक्ष भू उपयोग उल्लंघन के 88 मामले सामने आए हैं ऐसे उल्लंघन के 42 प्रकरणों पर धारा 166-167 के तहत वाद दायर किए गए हैं। जबकि अधिनियम की धारा 154 (4) (3) ख के तहत दी गई 963 भूमि क्रय की अनुमति के सापेक्ष 172 प्रकरणों में भू उपयोग का उल्लंघन किया जाना पाया गया है। जिसके विरूद्ध 112 मामलों में वाद दायर किए गए हैं।



भूमि प्रबंधन तथा भू व्यवस्था व सुधार के लिए प्रदेश में सशक्त भू कानून लागू हो गया है। इसी के साथ जनभावनाओं के अनुरूप उत्तराखंड में कृषि और उद्यान भूमि की अनियंत्रित बिक्री पर पूरी तरह रोक लग गई है। भू अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, और इस तरह की जमीनों को राज्य सरकार में निहित किया जा रहा है...

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**



अधिनियम की धारा 154 (4) (1) क के अंतर्गत प्रदेश में भूमि क्रय के सापेक्ष भू उपयोग उल्लंघन के कुल 147 प्रकरणों पर कार्यवाही गतिमान है। जिसमें देहरादून के 77 में से 50 प्रकरणों पर, हरिद्वार में 20, पौड़ी में 17, टिहरी में 29 तथा उत्तरकाशी में 1 मामले में कार्यवाही गतिमान है। अल्मोड़ा के तीन मामलों में एक प्रकरण की भूमि राज्य सरकार में निहित की गई है।

### कुल 3.006 हैक्ट. भूमि की गई राज्य सरकार में निहित

प्रदेश में भूमि क्रय की अनुमति के सापेक्ष भू उपयोग के उल्लंघन की दिशा में कुल 3.006 है. भूमि राज्य सरकार में निहित की गई है। जिसमें कपकोट, बागेश्वर में मै. त्रिलोक ग्रामोद्योग सेवा समिति को मौन पालन के लिये क्रय की गई 0.040 हैक्ट, रुद्रपुर, उधमसिंहनगर में एम.एस. स्टैण्डर्ड स्प्लिन्ट्स लि. द्वारा डी. सेवत्था पांडे पुत्र दूरई राजन को 1.6530 हैक्ट, सिलटोना कैंची धाम, नैनीताल में भावनी सिंह पत्नी कुंवर रघुराज प्रताप सिंह, सिंह निवास 5, बद्री हाउस शाहजनफ रोड़, लखनऊ को कृषि के लिये 0.555 हैक्ट, दिगोटी द्वाराहाट, अल्मोड़ा में कृषि हेतु 0.020 हैक्ट, कटारमल चौखुटिया, अल्मोड़ा में रैनाबाड़ी हैल्थ रिजार्ट को रिसोर्टस हेतु 0.713 हैक्ट, कोट्यूड़ा, अल्मोड़ा में प्रणव सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह, निवासी-प. बंगाल को आवासीय प्रयोजन के लिये 0.025 हैक्ट. भूमि शामिल है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगी सहकारी समितियां : डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में देहरादून स्थित भारतीय वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में दो दिवसीय कार्यशाला सहकार मंथन-2025 का सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शुभारंभ किया।

कार्यशाला के उद्घाटन भाषण में डॉ. रावत ने सहकारिता के माध्यम से उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय की स्थापना (वर्ष 2021) के बाद राज्यों को इस क्षेत्र में नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देशभर में चल रही सहकारी पहलों की सराहना की। डॉ. रावत ने जानकारी दी कि हाल ही में हुई केंद्रीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि हर 300-400 ग्रामीण जनसंख्या या दो-तीन गाँवों के समूह के लिए एक बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति (मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव) गठित की जा सकती है, जिससे 670 एम-पैक्स को और अधिक मजबूत किया जा सके।



उन्होंने कहा कि, सहकार मंथन केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सहकारी समितियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाकर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निबंधक मंगला त्रिपाठी ने किया।

कार्यशाला में सहकारिता सचिव डॉ. वीबीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक डॉ. मेहरबान बिष्ट, नाबार्ड, मत्स्य, डेयरी, सहकार भारती के प्रतिनिधि, बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, और केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहकारी प्रतिनिधि और ग्रामीण हितधारक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**उत्तराखंड सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियां**

डॉ. रावत ने बताया कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने 2017 से आईबीपीएस प्रणाली के माध्यम से सहकारी बैंकों में पारदर्शी और मेरिट-आधारित भर्तियाँ प्रारंभ कीं। उत्तराखंड की मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना की देशभर में सराहना हो रही है और कई राज्य इसे अपनाने की प्रक्रिया में हैं। मेहरबान सिंह बिष्ट ने आईटी व डिजिटलीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज तिवारी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की जानकारी दी।

# कांग्रेस ने लगाया सहकारी चुनाव में धांधली का आरोप

- सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण कार्यालय पर किसानों संग पहुंचा प्रतिनिधिमंडल
- चुनाव रद्द करने की उठाई मांग



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** लिब्बररेहड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति, मंगलौर के हालिया चुनाव में धांधली के आरा. `पों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को जोरदार हंगामा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, एआईसीसी सचिव व मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन, कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं व किसान प्रतिनिधियों ने शास्त्रीनगर स्थित सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत ने प्राधिकरण अध्यक्ष से कहा कि अगर सरकार हर छोटे बड़े चुनाव में हस्तक्षेप कर चुनाव परिणामों को अपनी पार्टी के अनुकूल लाने के लिए अनुचित रास्ता अपनाएगी तो सहकारिता जैसा जनउपयोगी आंदोलन समाप्त हो जाएगा। काजी निजामुद्दीन ने पांडे को कहा कि अगर सहकारिता चुनावों में भी सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया जाएगा चुनाव के परिणामों को प्रभावित करने के लिए तो सहकारिता आंदोलन कमजोर होगा।

नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव में सत्ताधारी भाजपा के दबाव में अपात्र मतदाताओं से मतदान करवाया गया और मतगणना में हेराफेरी की गई। साथ ही, उन्होंने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना किए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद अपात्र लोगों से मतदान करवा कर और उसके बाद वोटों की गिनती में वैध मतों को पेंसिल से निशान लगवा कर अवैध करवा कर चुनाव परिणाम सत्ता धारी पार्टी के लोगों के पक्ष में किया गया। प्राधिकरण अध्यक्ष तारा दत्त पांडे ने स्पष्ट किया कि अब चुनाव संपन्न हो चुके हैं, ऐसे में कोई कार्रवाई उनके स्तर पर संभव नहीं है। इस मौके पर वीरेंद्र रावत, चौधरी योगेंद्र सिंह राठी, चौधरी वीरेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, दीपक कुमार, विक्रांत प्रधान, संजय प्रधान, देवेंद्र सिंह, अनुज सलार, अंकित जटराना, देवेंद्र चौधरी, अविनाश कुमार, ऋषिपाल व सुमित कुमार आदि किसान उपस्थित रहे।

# भारी बारिश का अलर्ट जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश का दौर जारी है और लगातार बारिश होने से नदी-नाले उफान पर बह रहे हैं। वहीं देहरादून मौसम विभाग ने आज फिर प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। भारी बारिश को देखते हुए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के सभी जनपदों के अधिकांश स्थानों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। राज्य के देहरादून, चंपावत, नैनीताल और बागेश्वर जनपदों में कहीं-कहीं भार से बहुत भारी बारिश गरज और चमक के साथ होने का अंदेशा जताया गया है।

# शराब पीकर गंदगी फैलाने और हंगामा करने वाले 9 युवक पकड़े

नई टिहरी। नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शराब पीकर गंदगी फैलाने और सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने वाले नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन लगाम' अभियान के तहत की गई, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीनता और उपद्रव फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने इन नौ युवकों को सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते और गंदगी फैलाते हुए पकड़ा। सभी के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई है और उन्हें निरुद्ध किया गया है। पकड़े गए युवकों में अधिकतर हरिद्वार और देहरादून जनपदों के निवासी हैं। गिरफ्तार युवकों में काशीपुरा, कनखल (हरिद्वार) निवासी लकी सिंह पुत्र विनय कुमार सिंह, साहिल सिंह पुत्र करण सिंह, मनसा देवी रोड मोहल्ला हिल बाईपास (हरिद्वार) निवासी नीरज चौहान पुत्र सुरेश चौहान, आशीष पुत्र सुनील कुमार, रितेश पुत्र महेंद्र कुमार, कोटा मुरादनगर (रुड़की) निवासी रिजवान पुत्र मुजब्बरूर रहमान, बेडपुर (हरिद्वार) निवासी मजाकित पुत्र इरशाद, देहरादून के भंडारी बाग पटेल नगर निवासी वैभव पुत्र शिव प्रकाश और सहस्रधारा रोड, रायपुर निवासी सनी इस्ताख पुत्र इस्ताख शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई आमजन की सुरक्षा, शांति और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए की गई है। नरेंद्रनगर पुलिस लगातार इस तरह के अभियान चला रही है ताकि सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन और कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी पुलिस ऐसी गतिविधियों पर नजर बना शराब पीकर गंदगी फैलाने और हंगामा करने वाले 9 युवक गिरफ्तार किया।

## लगातार हार से कांग्रेस का हाजमा खराब: खजान दास

**देहरादून।** भाजपा ने गन्ना समिति चुनावों को लेकर कांग्रेसी आरोपों पर तंज कसते हुए कहा कि, लगातार हार से लगता है उनका राजनैतिक हाजमा खराब हो गया है। तभी वह दो दिन पूर्व हुई करारी हार को अब तक पचा नहीं पा रही है और मिथ्या आरोप लगाने में जुटी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विधायक राजपुर रोड खजानदास ने आज हुए कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राजनैतिक नौटंकी करार दिया है। कहा, गन्ना सहकारी समिति के चुनावों को लेकर जो भी आरोप कांग्रेस ने लगाए हैं वे पूरी तरह अनर्गल एवं बेबुनियादी हैं। ये चुनाव पूरी तरह निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही संपन्न हुए हैं, वो बात और है कि नतीजा कांग्रेस के पक्ष में नहीं आया।

# कराटे चैंपियन्स को सीएम ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली / देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्य के तीन होनहार कराटे चौंपियन्स को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मानित किए जा रहे सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं।

उन्होंने कहा, इन खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा से अपने माता-पिता के साथ ही उत्तराखंड का मान भी बढ़ाया है।

तीनों खिलाड़ियों अनामिका, मैत्री व क्रियांश ने 5-6 जुलाई 2025 को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित 9वीं साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत, कांस्य व कांस्य पदक जीते है,

मुख्यमंत्री ने इन खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इन खिलाड़ियों का चयन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। जिसमें अनामिका बिष्ट, पुत्री हरीश बिष्ट, जिला चंपावत - रजत पदक, मैत्री बलूनी, पुत्री कैलाश बलूनी, डोईवाला, जिला देहरादून - कांस्य पदक तथा क्रियांश कौशिक, पुत्र सुमंता शर्मा, जिला देहरादून - कांस्य पदक प्राप्त किया गया है।

## सीएम धामी की सुरक्षा में हुई चूक

**देहरादून।** वन विभाग की लापरवाही से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने भी चूक को स्वीकार करते हुए जांच की बात कही है। उल्लेखनी है कि बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कुमाऊं दौरे पर थे। छह जुलाई को सीएम धामी ने रामनगर में विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सैर की थी, तभी सीएम धामी की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई। मुख्यमंत्री धामी को जिस जिप्सी में कॉर्बेट की सैर करवाई गई थी, उसका सुरक्षा ऑडिट ही नहीं हुआ था। इस गाड़ी की फिटनेस भी 5 साल पहले यानी 22 अगस्त 2020 को ही एक्सपायर हो चुकी थी, हालांकि, खबर के सामने आने के बाद गाड़ी की फिटनेस 2027 तक रिन्यू कर दी गई है। गाड़ी का इंश्योरेंस और पॉल्यूशन तक भी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन की तरफ से नहीं देखा गया। सीधे तौर पर मुख्यमंत्री की सुरक्षा दांव पर लगाई गई।

# उत्तरकाशी में लगे भूकंप के हल्के झटके

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जिले में दोपहर को एक बजकर सात मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गए। झटके महसूस होने पर आमजन घरों से बाहर निकले। वहीं भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई। इससे पूर्व भी कई बार जनपद में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राहत की बात ये है कि इस भूकंप से जिले में किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। आपद कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी जिले में दोपहर एक बजकर सात मिनट पर हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र मोरी ब्लॉक इलाके में जखोल के जंगलों में बताया जा रहा है। पुलिस वायरलेस सेट के माध्यम से और तहसील कंट्रोल रूम को भूकंप की सूचना प्राप्त हुई थी। बता दें कि भूकंप के लिहाज उत्तराखंड का उत्तरकाशी संवे. दनशील है। यहां अक्सर इसी तरह के भूकंप आते रहते हैं।

# हिमाचल जाएगा यूएसडीएमए का विशेषज्ञ दल

## अतिवृष्टि से निपटने के तरीकों का करेगा अध्ययन, उत्तराखंड में लागू होंगे अनुभव

- जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हिमाचल प्रदेश में अतिवृष्टि से उत्पन्न हालात और उससे निपटने के तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का विशेषज्ञ दल हिमाचल भेजा जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन को इसके निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) पहुंचकर प्रदेश में वर्षा और आपदा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड की भौगोलिक स्थितियां मिलती-जुलती हैं, ऐसे में वहां के अनुभव उत्तराखंड के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

प्रदेश में अब तक 317.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। बागेश्वर में सर्वाधिक 765.5 मिमी बारिश हुई है।

जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना है। देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर में ऑरेंज अलर्ट और अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।



### 20 करोड़ से हुआ 2853 परिवारों का पुनर्वास

**देहरादून।** वर्ष 2012 से अब तक 2853 आपदा प्रभावित परिवारों का पुनर्वास किया गया है। 2025-26 में 337 परिवारों के पुनर्वास के लिए 12. 16 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। राज्य आपदा मोचन निधि से 165 करोड़ की राशि जनपदों को दी जा चुकी है।

### 15 मिनट में पहुंचे जेसीबी, तहसील स्तर पर बने व्हाट्सएप ग्रुप

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि आपदा स्थल पर 15 मिनट में जेसीबी पहुंचे। साथ ही, चेतावनियों की त्वरित सूचना के लिए तहसील स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं। सभी अलर्ट 15 मिनट के भीतर जनता तक पहुंचें। मुख्य सचिव ने एसईओसी और जिला केंद्रों के लिए स्पष्ट एसओपी बनाने और मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए ताकि आपदा के समय कोई भ्रम न रहे।

### 72 घंटे में वितरित हो अहेतुक सहायता

प्रभावितों को 72 घंटे में अहेतुक सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, संपत्ति के नुकसान का त्वरित सर्वे कर सहायता जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### सचेत ऐप को करें डाउनलोड, 1070, 112 नंबर याद रखें

मुख्य सचिव ने सभी नागरिकों से श्सचेत ऐपश डाउनलोड करने की अपील की। उन्होंने 1070, 1077 और 112 नंबरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

# साइबर ठगों का दुस्साहस, प्रमुख सचिव के नाम पर मांगे पैसे

- वरिष्ठ आईएएस आर. मीनाक्षी सुंदरम का व्हाट्सएप पर फोटो किया इस्तेमाल
- प्रमुख सचिव सुंदरम ने एसएसपी को लिखा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** साइबर ठगी का एक आश्चर्यजनक मामला सामने आया है। जिसमें साईबर ठगों ने उत्तराखंड शासन के प्रमुख सचिव ऊर्जा वरिष्ठ आईएएस अफसर मीनाक्षी सुंदरम का फोटो इस्तेमाल करके लोगों से पैसे मांग लिए हैं। प्रमुख सचिव ने इस मामले के संज्ञान में आते ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमुख सचिव ऊर्जा, आवास एवं नियोजन आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून को प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया है, कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने व्हाट्सएप न.-84 812986500 की प्रोफाइल पर उनकी फोटो लगाकर कई व्यक्तियों-अधिकारियों से अनावश्यक रूप से पैसों की डिमांड गूगल पे न0-8974517706 पर की जा रही हैं, उन्होंने इसकी स्क्रीन शॉट की फोटोकॉपी संलग्न कर इस प्रकार के कृत्य को उनकी छवि खराब करने की प्रबल चेष्टा बताया। प्रमुख सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया है कि पूर्व में भी उनके नाम से इसी प्रकार से विभागीय अधिकारियों से अनावश्यक मांग की गयी थी, जिसकी शिकायत भी उनके द्वारा अपने पत्र दिनांक 28 मार्च, 2024 के माध्यम से की गयी थी।

प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि इस कृत्य में संलग्न अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही की जाये जिससे कि भविष्य में उनके अथवा अन्य किसी अधिकारी के साथ इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो।

# शहीद का अपमान सहन नहीं किया जाएगा: टम्टा

**देहरादून।** (शाह टाइम्स) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम सिंह गढ़िया के स्मृति-शिलापट को तोड़कर शौचालय में फेंकने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय शहीद/सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद की समन्वयक डॉ. आशा लाल ने इसे देशभक्ति के विरुद्ध अक्षम्य अपराध बताया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अपमान है, बल्कि समूचे स्वतंत्रता आंदोलन और उसकी पवित्र विरासत पर सीधा हमला है। डॉ. लाल ने इसे राष्ट्र की आत्मा पर आघात करार देते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उन तमाम बलिदानियों की गरिमा पर चोट है जिनकी कुर्बानियों से देश को आजादी मिली। डॉ. आशा लाल ने प्रशासन से मांग उठाई कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए,दोषियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और शिलापट को सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित किया जाए।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट में बड़ा न्यायिक फेरबदल

### 25 से अधिक जजों के तबादले, कई अहम नियुक्तियां

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की न्यायिक व्यवस्था में मंगलवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य भर में उच्च न्यायिक सेवा और सिविल जजों के बड़े पैमाने पर तबा. दले और पदस्थापन किए हैं। इस व्यापक फेरबदल में 25 से अधिक न्यायिक अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिसका उद्देश्य न्यायिक प्रशासन को सुचारु बनाना और विभिन्न न्यायिक पदों पर नई ऊर्जा लाना है। मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बाद रजिस्ट्रार जनरल योगेश गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदीप पंत, जो वर्तमान में प्रमुख सचिव (कानून)-सह-विधि परामर्शी, उत्तराखंड सरकार थे, उन्हें उत्तराखंड न्यायिक एवं विधिक अकादमी (उजाला), भवाली का निदेशक नियुक्त किया गया है। वह हरीश कुमार गोयल का स्थान लेंगे, जिन्हें अब जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल बनाया गया है। अन्य प्रमुख तबादलों में नरेंद्र दत्त, जो पहले बागेश्वर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश थे, उन्हें हरिद्वार स्थानांतरित किया गया है, जबकि पंकज तोमर उनकी जगह बागेश्वर में नियुक्त किए गए हैं। राज्यपाल के विधिक सलाहकार अमित कुमार सिरोही को टिहरी गढ़वाल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उच्च न्यायालय में ओएसडी के रूप में कार्यरत धर्म सिंह अब पौड़ी गढ़वाल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। उच्च न्यायालय में भी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। नैनीताल के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे विक्रम को हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार बनाया गया है। पूर्व रजिस्ट्रार सुजीत कुमार अब हल्द्वानी में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इसके अतिरिक्त, हाईकोर्ट ने कई न्यायिक अधिका. रियों को उच्च न्यायिक सेवा कैडर में पदोन्नत किया है। इनमें अरुण वोहरा को हरिद्वार में 5वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश और राहुल कुमार श्रीवास्तव को देहरादून में 5वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को भी कुछ न्यायिक अधिकारियों की संभावित नियुक्तियों के लिए सिफारिशें भेजी हैं, जिनमें प्रशांत जोशी को प्रमुख सचिव (कानून)-सह-एल.आर. और काहकशां खान को श्रम न्यायालय, देहरादून में पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का प्रस्ताव है।

# युद्धस्तर पर खोले जा रहे अवरुद्ध मार्ग: महाराज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य में मानसून सीजन 2025-26 में बरसात एवं भूस्खलन के कारण 154 सड़कें अवरुद्ध हैं इनमें से 08 जुलाई तक 30 सड़कें यातायात हेतु खोली जा चुकी हैं जबकि अन्य 124 सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

जानकारी देते हुए प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि राज्य में मानसून सीजन में अत्यधिक बरसात एवं भूस्खलन के कारण प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लोनिवि की 67 सड़कें बंद थी जिनमें से 12 को खोल दिया गया है और 55 सड़कों को खोलने का काम चल रहा है।

राज्य में एनएच की 2, बीआरओ की 01, एनएचआईडीसीएल की एक सड़क बंद है। जबकि पीएमजीएसवाई की 83 सड़कों में से 16 सड़कों को खोल दिया गया है। प्रदेश की अवरुद्ध 154 सड़कों में से 30 सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया गया है। जबकि अन्य 124 सड़कों को खोलने के लिए 644 मशीनें युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं।



महाराज ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून के दौरान सभी अपने-अपने फोन एवं मोबाइल अवश्य उठायें ताकि मार्ग अवरुद्ध होने की सटीक जानकारी लोगों को समय से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए सड़कों को खोलने में बिल्कुल भी कोताही नहीं होनी चाहिए। मानसून के दौरान यदि कोई सड़क बंद होती है तो उसकी पूर्व सूचना यात्रियों को पहले ही उनके पूर्ववर्ती स्टेशन पर मिल जानी चाहिए और उनसे वैकल्पिक मार्गों की भी जानकारी साझा करनी चाहिए ताकि वह अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

# पोस्टमास्टर की खाई में गिरने से मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** कपकोट के शामा खड़लेख में पोस्टमास्टर की खाई में



गिर कर मौत हुई। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ कपकोट की टीम मौके के लिए रवाना हुई। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई से युवक का शव बरामद किया। जिसके बाद शव पुलिस को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शामा पोस्ट ऑफिस में बतौर पोस्टमास्टर के पद पर तैनात 20 वर्षीय यश शर्मा निवासी पानीपत हरियाणा, मंगलवार की सुबह साइकिल से शामा से भनार के लिए डाक लेकर जा रहे थे। तभी शामा से खड़लेख के बीच में स्थित भीषण जंगल में उनके पीछे जंगली भालू पड़ा गया। तभी अचानक उसकी साइकिल अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। मोटर मार्ग से आ जा रहे लोगों ने किसी तहर घटना की सूचना राहत बचाव टीम तक पहुंचाई। सूचना मिलने के बाद कपकोट से एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हुई। टीम ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। जानकारी के मुताबिक टीम को युवक की साइकिल सड़क किनारे पड़ी मिली, वही कुछ दूरी पर उसका सामान भी पड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसके पश्चात टीम गहरी खाई में उतरी। सड़क से करीब 50 मीटर गहरी खाई में युवक का शव पड़ा मिला। हालांकि जब तक मौके पर राहत बचाव दल पहुंचती युवक की मौत हो चुकी थी। जिसके पश्चात शव का रेस्क्यू कर शव सड़क तक लाया गया। वही टीम ने मृतक को पुलिस के हवाले किया। इधर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए बागेश्वर भेजा गया है। साथ मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## बारिश की वजह से दरक रहीं पहाड़ियां

**बागेश्वर।** जिले में कभी धूप कभी बारिश के चलते पहाड़ियां का दरकना जारी है। जिससे लगातार यातायात पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। मंगलवार को एक बार फिर जिले में 13 सड़कों में यातायात बाधित रहा। बंद सड़कों को खोलने के लिए विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से मंगलवार दो दिनों में जिले के 13 सड़कों में यातायात ठप रहा। बंद सड़कों में भानी हरसिंग्या बगड़ मोटर मार्ग, चचई मोटर मार्ग, चौरा कमद मोटरमार्ग, हरसीला सीमा मोटर मार्ग, कपकोट पिंडारी ग्लेशियर मोटर मार्ग, फरसाली खर्क कानातोली मोटर मार्ग, खड़लेख भनार मोटर मार्ग, धरमघर माजखेत मोटर मार्ग, बागेश्वर कपकोट पोलिंग मोटर मार्ग, चेटाबगड़ मोटर मार्ग शमिल है। सभी बंद सड़कों को खोलने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# तुन प्रजाति की लकड़ी के साथ तीन को दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट पुलिस ने मिनी ट्रक से तुन प्रजाति की लकड़ी के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर माल और वाहन को सीज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीते सोमवार रात करीब पौन 11 बजे टीम चौखुटिया रोड पर गश्त पर थी। इस दौरान चौखुटिया की ओर से एक मिनी ट्रक आता दिखाई दिया। पूछताछ में ट्रक सवार तीन लोगों ने अपना नाम योगेश कुमार निवासी कनार द्वाराहाट, विजय कुमार निवासी महल चौरा चौखुटिया और दिनेश कुमार निवासी हसनपुर बिजनौर यूपी हाल निकट जल निगम



ऑफिस द्वाराहाट बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर अंदर लकड़ियों का जखीरा मिला। जांच करने पर तुन प्रजाति की 37 बल्ली और 64 तख्ते मिले। आरोपियों ने बताया कि वह पकड़े गए माल को चौखुटिया निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाए हैं, जिसकी अनुमति वन विभाग से ली गई है। वन विभाग से तस्दीक के बाद अनुमति की बात झूठी निकली। साथ ही आरोपी बरामद लकड़ी के संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

## एक नजर

### रुद्र पूजा और सत्संग 13 जुलाई को

**नैनीताल।** आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस वीमेन्स कलेक्टिव नैनीताल से जुड़ी रेशमा टंडन ने बताया कि रूद्र पूजा और सत्संग का भव्य आयोजन 13 जुलाई को सुबह 11 बजे से मल्लीताल गोवर्धन हाल में आयोजित किया जाएगा। रेशमा टंडन ने बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के निर्देशन में बंगलौर आश्रम से पधारे स्वामी एवं वेद पंडितों द्वारा पावन पवित्र रुद्रपूजा एवं डिम्पल जोशी द्वारा सत्संग आयोजित किया जाएगा।

### डीएम ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को विकास भवन स्थित पंचायत चुनाव के लिए स्थापित कंट्रोल रूम व पंचस्थानि कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम प्रभारी को तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टवार लगाते हुए प्रत्येक दिन आने वाली फोन कॉल को पंजिका में अंकन करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम में प्रत्येक दिन आने वाली शिकायतों का तुरंत अंकन करने के साथ ही सम्बंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में गलती क्षम्य नही होती है, इसलिए जो दायित्व दिए गए है उसका जिम्मेदारी से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने पंचस्थानि चुनावालय कार्यालय का निरीक्षण किया। मतदान पार्टियों के लिए विकासखंडों को भेजे जाने वाले लेखन सामाग्रियों के बस्तों की भी जानकारी ली तथा चेकलिस्ट के आधार पर बस्ते में सभी लेखन सामाग्रियों को विकासखंडों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिक. ारी प्रेम प्रकाश, नोडल कंट्रोल रूम आशीष शर्मा उपस्थित रहे।

### 6 माह बाद दर्ज हुआ बाइक चोरी का मुकदमा

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय के बाहर से छह माह पूर्व चोरी हुई बाईक का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। फलेहउल्लागंज ठाकुरद्वारा निवासी अमित कुमार पुत्र रामेश कुमार ने बताया कि वह हल्वाई का कार्य करता है। बीती 18 जनवरी 2025 को वह भाजपा प्रत्याशी दीपक बाली के कार्यालय के बाहर करीब सात बजे अपनी बाईक संख्या यूपी21बीडब्ल्यू 2771 को बाहर खड़ी कर अपना कार्य कर रहा था। रात्रि करीब 9 बजे जब वह काम निपटाने के बाद बाहर आया तो उसकी बाइक वहां नहीं जिसे जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने करीब 6 माह बाद बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति लापता

**काशीपुर।** बैंक गया एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में रूद्राक्ष एन्कलेव नियर रूद्राक्ष गार्डन निवासी सौरभ कुमार पुत्र रमेश कुमार ने बताया कि उसके 46 वर्षीय भाई विनोद कुमार बीती 26 मई 2025 को किसी काम से स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास यस बैंक गये थे। उसी दिन करीब 6 बजे उनकाफोन आया कि वह अभी बैंक में हूं और थोड़ी देर में आने की बात कही। तब से उनकाफोन बंद आ रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

### कांग्रेसियों ने शुरू की विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां

**काशीपुर।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा के दिशा-निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड द्वारा बीएलओ-2 की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिसके तहत सभी राष्ट्रीय पार्टियों से प्रत्येक बूथ पर अपने-अपने एजेंट नियुक्त करने को कहा गया है। इन एजेंटों के आईडी कार्ड निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए जाएंगे। इसी क्रम में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में पार्षद अब्दुल कादिर के आवास पर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बीएलओ-2 से संबंधित प्रक्रिया एवं रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि काशीपुर महानगर कांग्रेस शीघ्र ही प्रत्येक बूथ पर अपने अधिकृत एजेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। बैठक में पार्षद नौशाद हुसैन, पार्षद सरफराज खान, पार्षद मौ. आरिफ सैफी आदि मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** कच्ची शराब के साथ अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 53 लीटर कच्ची शराब बरामद है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थो रोकथाम एवं बिक्री/तस्करी/बरामदगी हेतु चलाए गए अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के निर्देशन में कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा अलग अलग स्थानों में छापेमारी कर अमरीक सिंह के कब्जे से करीब 17 लीटर तथा मोनू सिंह को 36 लीटर कच्ची शराब के गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर दोनों के खिलाफ कोतवाली में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गणेश पांडेय, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार व आरक्षी दिनेश त्यागी, जबकि दूसरी टीम में उपनिरीक्षक सौरभ भारती, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह सामन्त, कांस्टेबल दीपक जोशी व धीरज सिंह थे।

# चालक साक्ष्यों के अभाव में बरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने 279 304(ए) आईपीसी के आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। श्यामपुरम निवासी नथिया देवी ने थाना आईटीआई में तहरीर देकर बताया कि 4 अक्टूबर 2016 को सुबह साढ़े नौ बजे वह अपनी पोती के साथ नहर किनारे साग सब्जी में पानी डालने गयी थी, जहां उसकी पोती सड़क किनारे पुलिया पर खड़ी थी।

इतने में महिन्द्रा कम्पनी की जीप संख्या- यूके18-सी-3934 का चालक उसे तेजी व लापरवाही से चलाते हुए सड़क के किनारे खड़ी उसकी पोती को टक्कर मार दी और वाहन चालक वाहन को लेकर भाग गया। शोर शराबा होने पर कोमल व हरिओगम वहां आ गये। जिसके बाद पोती पायल को लेकर सरकारी अस्पताल गये जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद नथिया देवी ने पोती पायल के अंतिम संस्कार के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद थाना आईटीआई पुलिस ने जांच के अन्वेषण कर विनोद कुमार पुत्र स्व. डालचंद निवासी विन्ध्यावासनी कालौनी खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई के विरूद्ध आरोप पत्र अन्तर्गत धारा 279, 304(ए) आईपीसी के अन्तर्गत न्यायालय में पेश किया जिस पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया और अभियुक्त ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से अपनी जमानत कराई। न्यायालय में विचारण चला जिसके पश्चात न्यायालय में विचारण चला। अदालत ने अभियुक्त विनोद कुमार को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर बाइज्जत बरी कर दिया।

# चैंबर ने मेयर दीपक बाली को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** कुमाऊं गढ़वाल चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने अनेक उद्यमियों के साथ महापौर दीपक बाली से उनके नगर निगम स्थित कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर एक ज्ञापन में रामनगर रोड पर बन रहे ओवर ब्रिज की धीमी गति को तेज कराने तथा दूसरे ज्ञापन में महुआखेड़ागंज स्थित औद्योगिक क्षेत्र में विकसित औद्योगिक आस्थानों के क्षेत्र में सड़कें एवं नाली निर्माण तथा स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। महापौर दीपक बाली ने चेंबर की इन समस्याओं को गंभीरता से लिया और शीघ्र ही अपने स्तर से इनका समाधान कराने की मदद का



आश्वासन दिया। चेंबर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने चेंबर के पूर्व अध्यक्ष एवं उद्यमी विकास जिंदल, मुनेश बंसल, अभिलाष कमानी, आलोक गोयल, अभिषेक जिंदल, अंशुल जिंदल राक. ेश अग्रवाल अनुराग अग्रवाल संजय अग्रवाल, विनीत सिंघल आदि के साथ महापौर दीपक बाली से उनके कार्यालय में भेट की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर बताया कि काशीपुर में रामनगर रोड पर बन रहे ओवर ब्रिज की गति बहुत धीमी है जिससे रामनगर रोड पर उद्योगों में जाने वाले लोगों एवं वाहनो और कार्बेट पार्क जाने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्विस रोड बड़ी तंग है जहां अक्सर जाम लगा रहता है और अनन्या होटल के पास तो सर्विस रोड बहुत छोटी होने के कारण दुर्घटनाओं का भी डर बना रहता है। वही महुआखेड़ागंज में बने औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें व नालिया न होने से बरसात के दिनों में भारी परेशानियों की समस्या रखी और कहा कि स्ट्रीट लाइटें न होने से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों को आवागमन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महापौर दीपक बाली ने कहा कि वह अपने स्तर से समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर महुआखेड़ागंज के अध्यक्ष रिजवान अहमद तथा अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार भी मौजूद थे।

## दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को लेकर बैठक

**अल्मोड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को लेकर सोमवार को डीएम ने बैठक ली। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर आदि व्यवस्था के निर्देश दिए। डीएम आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में कुल 6005 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की कोई भी पात्र दिव्यांग मतदाता मतदान से वंचित न रहे। फार्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूरा करें। समाज कल्याण विभाग से पेंशन प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों के डेटा का मिलान करते हुए उनकी सूची तैयार की जाए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, डोली, पीने के पानी की सुविधा, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाएं समुचित रूप से उपलब्ध हों।

# ताम्र उत्पादों की क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जाए: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को टैक्सी स्टैंड बागेश्वर में जिला प्रशासन के सहयोग से संवाद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा



संचालित ताम्र आउटलेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिक्री के लिए रखे गए तांबे से निर्मित उत्पादों की जानकारी ली और उत्पादों की गुणवत्ता, विविधता तथा प्रस्तुतिकरण की सराहना की। जिला. धिकारी ने आउटलेट संचालक को निर्देश दिए कि उत्पादों की क्वालिटी और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि इनकी बाजार में बेहतर पहचान बन सके। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को इन हस्तनिर्मित एवं स्थानीय उत्पादों को विभागीय गतिविधियों जैसे स्थानांतरण, सेवा-निवृत्ति सहित अन्य अवसरों पर भेंट स्वरूप देने की व्यवस्था की बात कही। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने हेतु जिलाधिकारी ने हल्द्वानी, दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में स्टॉल लगाने का भी सुझाव दिया, जिससे इनकी पहुंच व्यापक स्तर पर हो और शिल्पकारों को सीधा लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक अमित रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'काशीपुर मीडिया सेन्टर' की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** जनहित एवं पत्रकार हित के लिए समर्पित 'काशीपुर मीडिया सेन्टर' की मासिक बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार मंथन कर सहमति व्यक्त की गई। पिछली



बैठक का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष सोनू जैन ने बताया कि संगठन में कुछ नये सदस्यों को जोड़ने का विचार है, जिस पर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी समेत अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सशर्त सहमति प्रदान की। इस पर भी सहमति बनी कि निर्धारित किया गया सदस्यता शुल्क एक बार और मासिक शुल्क प्रतिमाह कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता के पास समय से जमा कर दिया जाये। बैठक में एक अहम मुद्दे पर चर्चा करते हुए तय किया गया कि संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची प्रशासन को सौंपी जाएगी। संगठन से जुड़े पत्रकारों के वाहनों पर 'काशीपुर मीडिया सेन्टर' के स्टीकर लगाये जाएंगे। बैठक में जनहित के मुद्दे पर निर्णय लिया गया कि काशीपुर क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों से मनमाना किराया वसूले जाने के संबंध में 'काशीपुर मीडिया सेन्टर' द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिका. रियों एवं नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों के लिए स्टैंड बनाये जाने के साथ ही रूट व रेट निर्धारित करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। बैठक में विपिन चौहान, गजेन्द्र यादव, रफी खान, करन सिंह, नवीन अरोरा, दीपक बुधानी, सुनील कोठारी, मिर्जा अजीम बेग, बकुल डोनाल्ड, मौ. नफीस, नाजिम मंसूरी, मौ. शमी, अभिषेक रावत, मौ. अकरम, अशोक सिंधवानी, अनिल सिंधवानी, कुंदन विष्ट, माणिक गुप्ता, मुकुल मानव, राजू सिंह, अतुल तिवारी व फरीद सिद्दीकी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## रेलवे पटरी पर मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**शांतिपुरी।** मंगलवार को रेलवे पटरी शांतिपुरी गेट के पास के एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामें के बाद पोस्टमार्टम के लिए रूद्रपुर भेज दिया। शांतिपुरी गेट के पास मंगलवार सुबह पुरानी वन बैरियर के सामने रेलवे पटरी के किनारे स्थानीय लोगों ने एक अधेड़ का शव देखने पर तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। एसआई हेमचंद्र हरड़िया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेलवे कर्मियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की टक्कर या ट्रेन से गिरकर मौत होने का माना जा रहा है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने की को. शिश में जुटी है। फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी ( नैनीताल )**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कि जैबुन निशा पत्नी श्री अल्ताफ हुसैन निवासी वार्ड नं.-5 कालाढूंगी का वार्ड नं.-5 में एक भवन गृहकर में दर्ज है। जैबुल निशा के पाँच पुत्र क्रमश नासिर हुसैन, नसीम अहमद, हसीन अहमद, अजीम अहमद तथा मौ. दानिश है। जैबुल निशा द्वारा अपने भवन के पारिवारिक बटवारे में अपने पुत्र श्री नसीम अहमद पुत्र श्री अल्ताफ हुसैन को 30.30 फिट यानि 900 वर्गफिट में बने 2 कमरे जिसमें पूरब में रास्ता, पश्चिम में शपथकर्ती का स्वय का भवन, उत्तर में नसीर अहमद का मकान तथा दक्षिण में रास्ता स्थित है। उक्त भवन को नसीम अहमद के नाम से गृहकर दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथपत्र जैबुल निशा नासिर हुसैन, हसीन अहमद, अजीम अहमद पुत्रगण अल्ताफ हुसैन द्वारा दिया गया है। उक्त प्रार्थना पत्र शपथपत्र के अनुरूप गृहकर करों के वसूली के परियोजनार्थ उक्त भवन का गृहकर श्री नसीम अहमद पुत्र श्री अल्ताफ हुसैन निवासी वार्ड न0-5 कालाढूंगी के नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है। नोट-यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। बाद म्याद आपत्ती में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## चेकिंग के दौरान 6.70 ग्राम स्मैक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थ एव शराब आदि की रोकथाम एवं बरामदगी हेतु चलायें जा रहे अभियान के अन्तर्गत चौकी कलकत्ता फार्म पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अभिषेक कुमार पुत्र रमेश कुमार, गौरव आर्या पुत्र राजू आर्या अंशुल कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासीगण ग्राम खड़कपुर गोला गेट, बेरीपड़ाव, लालकुआं के कब्जे से मोटरसाइकिल में 6.70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। कलकत्ता चौकी प्रभारी ओमप्रकाश नेगी ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह नेगी, सिपाही यशपाल आर्या, कांस्टेबल अमित कुमार शामिल थे।

# डीडीए समाप्ति तक रहेगा आंदोलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की



मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का साप्ताहिक धरना जारी है। मंगलवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। धरना स्थल पर समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न संगठन डीडीए समाप्ति को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। इससे लोगों सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। कहा कि डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होते तक सरकार के तानाशाही रैवये के खिलाफ संघर्ष समिति का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर प्रताप सिंह सत्याल, चंद्रशेखर बनकोटी, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, महेश चंद्र आर्या, रोबिन मनोज भंडारी, हेम चंद्र तिवारी, ललित मोहन पंत, हेम चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# गुणवत्ता के साथ हों निर्माण: डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा में की गई विभिन्न विभागीय घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा, चिकित्सा, मत्स्य, संस्कृति, पेयजल, लोक निर्माण, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री से जुड़ी घोषणाओं के साथ-साथ आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सुविधाओं, सांस्कृतिक गति. विधियों और पेयजल योजनाओं की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं जन अपेक्षाओं से जुड़ी हैं और इनकी पूर्ति



सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि घोषणाओं की प्रगति केवल कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसकी वास्तविकता स्थल निरीक्षण और प्रत्यक्ष प्रभाव में दिखाई देनी चाहिए। विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रतिदिन की प्रगति की निगरानी करें और यदि किसी योजना में कोई अड़चन है, तो उसका स्पष्ट विवरण जिला प्रशासन को तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक निर्णय लिये जा सकें। बैठक में सीडीओ रामजीशरण शर्मा मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रेनू भंडारी समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हज-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** हज-2026 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा 7 जुलाई से ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य हज समिति उत्तराखंड की सदस्य तरन्नुम खान ने मंगलवार को कालाढूंगी में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हज-2026 के लिए आवेदन 31 जुलाई 2025 तक किए जा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर आवे. दन भर सकते हैं। हज आवेदकों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन करने से पहले हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी गाइडलाइन, दिशा-निर्देश और वचन पत्र/डिक्लेरेशन को ध्यान से पढ़ें। आवेदकों के पास एक वैध भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट होना अनिवार्य है। यह पासपोर्ट आवेदन की अंतिम तिथि या उससे पहले जारी



किया गया होना चाहिए और इसकी वैधता कम से कम 31 दिसम्बर 2026 तक होनी चाहिए। इस वर्ष, हज आवेदन के बाद आवेदक की मृत्यु या गंभीर चिकित्सा स्थिति के अलावा किसी भी अन्य कारण से हज आवेदन को रद्द या निरस्त किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुकसान हो सकता है। इसलिए, हज यात्रा के लिए आवेदन करने से पहले आवेदकों को अपनी तैयारी और प्रतिबद्धता पर पूरी तरह विचार करने की सलाह दी जाती है।

# जल्द बांटा जाएगा सरकारी राशन

## गल्ला विक्रेताओं के लंबित बिलों की समस्या का समाधान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रानीखेत।** सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दीपा पांडे के साथ बैठक कर लंबित पड़े हुए बिलों के बारे में अवगत कराया। बता दें कि लगभग दो महिनो से सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गए हुए हैं। जिससे ग्रामीण जनता को राशन वितरण नही हो पा रहा था। इसी क्रम मे मंगलवार को सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत राहुल आनंद व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दीपा पांडे के साथ बैठक कर पुराने बिलों को जल्द भुगतान किये जाने की बात रखी। संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत राहुल आनंद ने बताया कि हमारे रानीखेत



राशन गोदाम के जितने भी राशन विक्रेता हैं। उनके कुछ पुराने बिलों का भुगतान नहीं हो रहा था। इस कारण उन्होंने राशन देने से मना कर दिया था और पब्लिक को बहुत दिक्कत आ रही थी। इसी क्रम में उनके अध्यक्ष से वार्ता की गई और वार्ता का ये समाधान निकला है कि कल तक उनके बिल जनपद पहुंच जायेंगे, और दो तीन दिन के अंदर उनके सारे बिलों का भुगतान भी हो जाएगा। वही राशन विक्रेता ने आश्वासन दिया गया है कि तब तक वो राशन गोदाम से सामान लेना शुरू करेंगे, और जल्द ही पब्लिक में वितरण भी शुरू कर देंगे ताकि आम जन मानस को किसी प्रकार की समस्या न हो। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि अल्मोड़ा जिले मे राशन विक्रेताओं को उनके बिलों का भुगतान हो चुका है, हमारे रानीखेत का भुगतान नहीं हुआ है। आज हमारी मजिस्ट्रेट साहब से बात हुई, और हमारी मैडम से भी बात हुई। हमें आश्वासन दिया गया है कि दो या तीन दिन के भीतर हमारा पेमेंट आ जाएगा। जैसे ही हमारा पेमेंट हो जाता है, उसके तुरंत बाद हम सारे भाई लोग राशन बांटेंगे, उससे पहले नहीं। जब तक हमारा भुगतान नहीं होगा, तब तक हम राशन नहीं बांटेंगे। वही राशन कम मिलने के बारे मे अध्यक्ष ने कहा कि डीलरों को राशन कम मिलता है पर अब हमारी मैडम से बात हो गई है, अब राशन गोदाम से राशन तोल के मिलेगा। वही एसडीएम साहब ने भी कहा है कि आप लोग राशन तोल के उठाइए।

# निगम प्रशासन पर लगाया समस्याओं की अनदेखी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** नगर निगम में नगर आयुक्त, लेखाधिकारी समेत समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने मंगलवार को निगम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। निगम प्रशासन पर समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि नगर निगम तो बना दिया है, लेकिन अब तक यहां स्थाई नगर आयुक्त और लेखाधिक. ारी की तैनाती नहीं की गई है। जिसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने नगर आयुक्त की स्थाई नियुक्ति, लेखाधिकारी की नियुक्ति, वेतन पेंशन के भुगतान आदि की मांग की। कहा कि जब तक समस्याओं का निदान नहीं होगा कर्मचारी विरोध में डटे रहेंगे। यहां प्रदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड स्फाई कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार, शाखाध्यक्ष दीपक चंदेल, पार्षद भूपेंद्र जोशी, पुष्कर सिंह बिष्ट, राजेश, सतीष, अशोक, कमल आर्या, विजय अधिकारी, बबीता, मनोज मिश्रा, दीपक बिष्ट, मनोज बिष्ट, कमल कपिल, ओमी बिष्ट, पुष्पा, माया, गो. विंदी, बसंती, कांता, लीला, महेश, यशपाल, पंकज तिवारी, चंद्रशेखर कांडपाल, काजल पवार, प्रकाश चंद्र, जीवन ऐरी आदि रहे।

**NAME CHANGE**

I **MOHD NABI** have changed my name from **MOHAMMAD NAVI** to **MOHD NABI** hence forth I shall be known as **MOHD NABI** R/o. Banskheda khurd, Kashipur, Distt. Udham Singh Nagar (UK)

# एसएसपी ने दरोगाओं को लगाई फटकार

## अपराध नियंत्रण और अनुशासन में लापरवाही पर कप्तान का कड़ा रुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंचायत चुनाव से ठीक पहले पुलिस कप्तान पीएन मीणा ने अपराध नियंत्रण और पुलिस अनुशासन को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को कोतवाली हल्द्वानी सभागार में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसएसपी ने 30 उपनिरीक्षकों को कार्य में शिथिलता बरतने पर जमकर फटकार लगाते हुए उन्हें चेतावनी दी कि अगर अगले गोष्ठी तक सुधार नहीं हुआ, तो उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में एसएसपी ने साफ तौर पर कहा कि किरायेदारों का सत्यापन न करना और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निवास करने वालों को नजरअंदाज करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना और



चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे दस्तावेजों की सख्त जांच करें और अगर कोई फर्जी दस्तावेज पाए जाते हैं, तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। एसएसपी ने यह भी चेतावनी दी कि सड़कों पर स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि नाबालिगों को स्टंट करते हुए पकड़ा गया तो उनके अभिभावकों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। पंचायत चुनाव को देखते हुए एसएसपी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग, गश्त और निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान कर वहां की सुरक्षा तैयारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों से संबंधित पोस्ट वायरल होने की स्थिति में संबंधित थाना प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही एसएसपी ने उन पुलिसकर्मियों का सम्मान भी किया जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया। 23 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिनमें उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल नीलम भट्ट, मोहम्मद सलीम, कांस्टेबल महेन्द्र रावत, किशोर रौतेला, राजेन्द्र बिष्ट और गुलशन गिरी शामिल थे। बैठक में एसपी क्राइम डा.जगदीश चन्द्रा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ नैनीताल प्रमोद साह, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सीओ रामनगर सुमित पांडे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार सहित थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## आम हड़ताल को समर्थन का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मेडिकल एवं सेल्स प्रतिनिधियों ने आज 9 जुलाई को अखिल भारतीय आम हड़ताल की घोषणा की है। यह हड़ताल फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तहत की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। हड़ताल के सफल संचालन के लिए उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की हल्द्वानी यूनिट ने स्थानीय संगठनों से समर्थन की अपील की है। हल्द्वानी यूनिट के सचिव जिया उल हक ने कहा यह हड़ताल हमारे अधिकारों की रक्षा और बेहतर श्रमिक नीति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। कोषाध्यक्ष हल्द्वानी यूनिट संजीव श्रीवास्तव ने भी संगठन से अपील की हमारे साथ मिलकर इस आंदोलन को बल देने की आवश्यकता है।

## रामगढ़ बनेगा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्रः अजय भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हार्टी टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयास तेज़ हो गए हैं। मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय



भट्ट ने रामगढ़ स्थित सेब बागान का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सांसद भट्ट ने कहा कि हार्टी टूरिज्म के माध्यम से पर्यटकों को एक नई तरह की अनुभवात्मक यात्रा का अवसर मिलेगा। यह पहल स्थानीय लोगों के लिए अवसरों एवं रोजगार के नए द्वार भी खोलेगी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ में आठ एकड़ भूमि पर पाँच करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक विशेष परियोजना विकसित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत पर्यटकों को सेब के बागीचों की सैर का सुखद अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र और पर्यटकों के लिए आधुनिक कैफे हट्स में ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पहल क्षेत्रीय पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ कृषि आधारित स्वरोजगार को भी मजबूती प्रदान करेगी। इस मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, मंडल अध्यक्ष अंकित पांडेय, शिवांशु जोशी, रवि नयाल, प्रदीप ढेला, भारत भूषण चुग, कुंदन चिलवाल, देवेंद्र बिष्ट, शुभम कुमार, उद्यान अधीक्षक सरस्वती बृजवाल एवं एडीओ विपिन चंद्र गर्वाल मौजूद रहे।

# बिना सत्यापन 82 का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर को अपराध मुक्त बनाने के साथ ही पंचायत चुनाव के मद्देनज़र कानून-व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखने के लिए पुलिस का लगातार सत्यापन और चेकिंग अभियान जारी है। मंगलवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस की छह टीमों ने अलग-अलग बनभूलपुरा क्षेत्र में व्यापक सत्यापन अभियान चलाया।

अभियान के तहत पुलिस ने लाइन नंबर एक से 18 तक, गौजाजाली, इंद्रानगर, जवाहर नगर, रेलवे बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों, दुकानदारों, होटलों, ढाबों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों का सत्यापन किया। चेकिंग



के दौरान बिना सत्यापन के किरायेदारों को रहने देने वाले मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा कुल 82 व्यक्तियों के चालान किए गए, जिन पर 81 और 83 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान 26,500 रुपये का संयोजन शुल्क भी जमा कराया गया। इसके अलावा किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर 16 मकान मालिकों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। जिससे कुल 1,60,000 रुपये का चालान हुआ। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 13 चालान किए गए, जिनमें 3,000 रुपये का संयोजन शुल्क वसूल किया गया। कोटपा एक्ट (धूम्रपान निषेध कानून) के तहत भी 5 चालान किए गए, जिनमें 1,000 रुपये का जुर्माना लिया गया।

## स्कूटी सवार को टक्कर मारने वाले पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के सांगुड़ी क्षेत्र में 27 मई को एक वाहन दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चांदनी चौक, सांगुड़ी निवासी शेखर पांडे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे। घायल के पुत्र मुकुल पांडे ने तहरीर देकर वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का मांग की है। बताया जा रहा है कि घायल के दोनों कंधों में गंभीर चोटें आई हैं और उनका ऑपरेशन होना है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है।

# सांसद ने किया सीवर योजनाओं का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने शहर में 22 करोड़ 57 लाख की लागत से लगभग 15 किमी लंबी रानीबाग-काठगोदाम, राजपुरा वार्ड संख्या 14 एवं शिव रत्न केन्द्र, बरेली रोड, सीवरेज योजनाओं का शुभारंभ किया।

सांसद भट्ट ने बताया कि पेयजल निर्माण निगम द्वारा रानीबाग, काठगोदाम सीवरेज योजना 1481.07 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही है, जिसकी लंबाई 9.70 किमी है। इससे 1007 परिवार लाभांवित होंगे, जिनकी कुल जनसंख्या 5033 है। इस योजना में वार्ड-1 एवं वार्ड-2 को जोड़ा जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि राजपुरा सीवरेज योजना



358.27 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही है, जिसकी कुल लंबाई 2.81 किमी है। इस योजना से 1565 परिवार लाभांवित होंगे, जिनकी कुल जनसंख्या 7827 है। इस योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 12, 13, 14 एवं 15 को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह हीरानगर, रामपुर रोड एवं पर्वतीय मोहल्ला सीवरेज योजना 417.71 लाख रुपये की धनराशि से बनाई जा रही है। इस योजना से 1783 परिवार लाभांवित होंगे, जिनकी कुल जनसंख्या 8914 है। इस योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 11, 17, 19 एवं 20 को जोड़ा जाएगा। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि शहरवासियों की यह काफी समय से मांग थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सीवर लाइन बनने से खुली नालियों में बहने वाले घरेलू सीवर से पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही जल जनित गंभीर बीमारियों के फैलाव से भी निजात मिलेगी। इसके अतिरिक्त, लोगों को बार-बार सीवर टैंक खाली करने में होने वाले खर्च से राहत मिलेगी तथा दुर्गंध की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर मेयर गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, बबली वर्मा, पार्षद प्रीति आर्या, हेमंत साहू, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम एके कटारिया सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# मानसून से पहले प्रशासन ने बनाई रणनीति

## समीक्षा बैठक में 92 अधिकारियों को सौंपा गया जिम्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले में आगामी मानसून सीज़न के दृष्टिगत संभावित आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए आवश्यक तैयारियां तेज़ कर दी हैं। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक रॉय ने नगर निगम सभागार में नगर निगम और नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा की गई, जिनमें नालों और नालियों में अतिक्रमण, कूड़े का जमा होना और जलभराव की समस्याओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मॉनसून के दौरान जलभराव और अतिवृष्टि से उत्पन्न होने वाली आपदा से निपटने के लिए प्रत्येक दो वार्डों पर एक अधिकारी को तैनात किया गया है। यह अधिकारी क्षेत्रीय स्थितियों की निगरानी करेंगे और जलभराव, अतिक्रमण हटाने, सफाई तथा अन्य आवश्यक तैयारियों को समय से पूरा करेंगे। बैठक में नगर निगम हल्द्वानी की नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर सभी वार्डों में नालियों और नालों की सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन स्थानों पर जानबूझकर कूड़ा डाला जा रहा है, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं बरती जाए और मॉनसून सीज़न में जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं।

## नियमित तौर पर बोर्ड बैठक आयोजित करने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** नगर निगम के वार्डों में व्याप्त समस्याओं का समाधान नहीं होने से पार्षदों में रोष बढ़ता जा रहा है। मामले को लेकर मंगलवार को पार्षदों के एक शिष्टमंडल ने मेयर अजय वर्मा से मुलाकात कर वार्डों में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर पार्षदों ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों में पैदल मार्ग बदहाल स्थिति में हैं, जिससे आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। जबकि कई जगह स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी है। झाड़ियां उग गई है। इससे गुलदार का खतरा बढ़ गया है। जबकि कई मोहल्लों में आए दिन गुलदार सीसीटीवी में कैद हो रहा है। बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। पार्षदों ने एक स्वर में समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई की मांग की।

# चार वृद्धजनों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अरुणोदय संस्था नवाबी रोड का वार्षिकोत्सव मंगलवार को अरुणोदय धर्मशाला में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि मेयर



गजराज सिंह बिष्ट, संस्थाध्यक्ष डीके पलड़िया और न्यास के अध्यक्ष जीवन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था एवं समाज के लिए सराहनीय योगदान करने वाले चार वृद्धजनों को वृद्धजन सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. पीसी बाराकोटी, पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक डा. मुकुल पंत, आईएएस कृशन आर्य, नवीन चंद्र तिवारी शामिल रहे। वही विभिन्न विद्यालयों के 12 निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चैक प्रदान किए गए। डा. गुंजन जोशी, इन्दु बिष्ट एवं डा. रिफाजिया खातून के नेतृत्व में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने अरुणोदय संस्था के समाज हित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व अध्यक्ष डीके पलड़िया ने सभी का स्वागत किया। संस्थापक सदस्य जीडी सती ने संस्था के विकास की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बिपिन चंद्र पाण्डे ने किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भाजपा मधुकर श्रोत्रिय, पुष्पलता जोशी, जितेन्द्र रौतेला, विनायक जीवन चंद्र जोशी, जगदीश चंद्र बेलवाल, पीताम्बर दत्त तिवारी, महामंत्री लतेश मोहन, कोषाध्यक्ष एमबी जोशी, राज. कुमार केसरवानी, डा. दीपा काण्डपाल, रोहित केसरवानी, बीबी जोशी, हुकुम सिंह राणा, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, मधुसूदन लोहनी, पूरन सिंह जीना, कैलाश कुमार तिवारी, नारायण दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

# एक कमरा, दो जिम्मेदारियां और ढहती व्यवस्था

## कुमाऊं के सबसे बड़े बेस अस्पताल के नेत्र विभाग का हाल

**दीपक भंडारी**

**हल्द्वानी।** शहर के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में से एक बेस अस्पताल के नेत्र विभाग में इन दिनों अव्यवस्था ने अपनी स्थायी जगह बना ली है। मरीजों की आंखों की जांच और मेडिकल प्रमाणपत्र जारी करने जैसी दो महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं एक ही कक्ष में संचालित हो रही हैं, नतीजन न मरीजों को राहत मिल रही है और न ही मेडिकल प्रमाणपत्र के लिए आने वालों को। कमरा नंबर 35, जो नेत्र जांच का निर्धारित स्थल है, अब एक 'बहु-उपयोगी कार्यस्थल' में तब्दील हो चुका है। यहां कभी आंखों की रोशनी परखी जाती है, तो कभी फॉर्म पर मेडिकल मुहर लगाई जाती है।

समस्या तब और विकराल हो जाती है जब दोनों प्रकार के लोग एक ही समय पर वहां पहुंचते हैं और यह एक दिन का नहीं बल्कि रोज़ का किस्सा है। इस अव्यवस्था की सच्चाई उस समय खुली जब एक कॉलेज छात्र ने मेडिकल के लिए दस्तावेज़ लेकर जैसे-तैसे भीड़ को पार किया और





डाक्टर से आग्रह किया कि जल्द जांच कर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दें। डाक्टर ने कागज़ों पर हस्ताक्षर तो कर दिए, लेकिन इसके बाद उससे कहा गया कि बाहर खड़े मरीजों के पर्चे देखकर उन्हें रजिस्टर में दर्ज करें, यानी इलाज के लिए आया युवक कुछ देर के लिए अस्थायी सहायक बन गया। हालांकि वरिष्ठ चिकित्सक के आने के बाद उसे मुक्त कर दिया गया, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस तरह की व्यवस्था किसी भी जिम्मेदार संस्थान के लिए उचित मानी जा सकती है?

### पंक्तियों में खड़े मरीजों और महिलाओं में आक्रोश

सुबह से कतार में खड़ी कई महिलाओं ने नाराज़गी ज़ाहिर की कि कुछ लोग पहचान और पहुंच का हवाला देकर सीधा डाक्टर कक्ष में प्रवेश कर जाते हैं, जबकि आमजन गर्मी में घंटों प्रतीक्षा करते हैं। न तो कोई गार्ड है, न कोई लाइन मैनेजमेंट और डाक्टर बेचारे खुद भी असहाय लगते हैं, एक बुजुर्ग मरीज ने कहा।

### क्या अब भी नहीं जागेगा प्रबंधन?

नेत्र विभाग में वर्तमान ढांचे के अनुसार मेडिकल प्रमाणपत्र और रोगियों की जांच के लिए अलग-अलग व्यवस्था नहीं है, जिससे रोज़ाना अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्वाभाविक है कि अस्पताल प्रबंधन को इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाने होंगे। वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और अन्य आमजन के लिए अस्पताल प्रशासन को इस स्थिति को तत्काल सुधारने की आवश्यकता है। जैसे मेडिकल प्रमाणपत्र के लिए अलग काउंटर या कक्ष की व्यवस्था, व भीड़ प्रबंधन के लिए सहायक कर्मचारी की स्पष्ट तैनाती।

### व्यवस्था दिखे, इलाज के साथ अनुशासन भी मिले

बेस अस्पताल की छवि एक भरोसेमंद संस्थान की रही है, लेकिन छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़ी असुविधा और असंतोष में बदलती जा रही हैं। यह ज़रूरी है कि व्यवस्थाएं मरीज केंद्रित हों, न कि परेशानी पैदा करने वाली। कहीं ऐसा न हो कि आंखों का इलाज करवाने आए लोग आने वाले समय में अस्पताल की कार्यशैली से आंखें फेर लें।

# फरियादियों से मित्रता भूली पुलिस 'मित्र पुलिस'

## रेस्टोरेंट वाले ने दिव्यांग को पीटा, एसएसपी की दखल के बाद एक सप्ताह बाद दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीड़ितों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करने का दम्भ भरने वाली पुलिस का संवेदनहीन आए दिन दिख जाता है। ताजा वाकिया एक दिव्यांग को पीटे जाने का है, जो अपनी शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा तो उसे टरकाया जाता रहा। मजबूरी में एसएसपी से शिकायत करनी पड़ी और तब जाकर एक सप्ताह बाद चोरगलिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

त्रिलोकपुर दानीबंगर नई आबादी चोरगलिया निवासी तेजेन्द्र सिंह मेहता एसएसपी को बताया कि वह दिव्यांग है और बीती एक जुलाई को अपने दोस्त के साथ गौलापार स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। आरोप है कि खाना खाने के बाद जब उन्होंने गूगल पे के जरिये बिल भुगतान किया तो वह हो नहीं पाया। इस पर बहस हो गई और रेस्टोरेंट मालिक राकेश ने उसे पर हमला कर दिया। उसका मोबाइल छीना और चाकू दिखाते हुए उसे बेरहमी से पीटा। तेजेंद्र की दिव्यांगता की भी उपहास उड़ाया। जबकि ऑनलाइन पेमेंट न होने पर उसने किसी से पैसे लेकर बिल का भुगतान कर दिया था। घटना के बाद पीड़ित शिकायत लेकर चोरगलिया थाने पहुंचा, जहां से उसे यह कहकर काठगोदाम थाने की खेड़ा पुलिस चौकी भेज दिया कि मामला काठगोदाम क्षेत्र का है। ठीक यही खेड़ा चौकी पुलिस ने किया और उसे चोरगलिया थाना जाने को कह दिया। चक्कर काटने के बाद वह एसएसपी के पास पहुंचा। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चचरे भाइयों ने गर्भवती को बेरहमी से पीटा, चाचा पर भी हमला

**हल्द्वानी।** नशे में धुत चचरे भाई अपनी चचेरी बहन के घर में घुस गई। भाइयों ने 8 माह की गर्भवती चचेरी बहन को पीटना शुरू कर दिया। मां बचाने दौड़ी तो उसे भी पीटा। पिता पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर बाइक चढ़ा दी। मौके पर पहुंचे पीड़िता के चाचा ने किसी तरह उसे बचाया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गोल्डी विहार तीनपानी बरेली रोड निवासी डा. रश्मि रावत ने मंडी पुलिस चौकी को बताया कि वह 8 माह की गर्भवती हैं। बीती 13 जून को वह घर पर थीं। आरोप है कि रात करीब 10 बजे पड़ोस में रहने वाले ताऊ के कपिल रावत और मनोज रावत पुत्रगण भुवन सिंह रावत शराब के नशे में घर में घुस गए। घुसते ही बत्तमीजी और अपशब्दों को प्रयोग करने लगे। शोर सुन कर मां पहुंची तो उनसे भी गाली-गलौज और मारपीट की। पिता बचाने दौड़े तो उनके साथ भी मारपीट की। कपिल रावत ने बाइक पीड़िता के पिता पर चढ़ा दी। पड़ोस में रहने वाले चाचा नारायण सिंह रावत और बलवीर रावत ने किसी तरह उन्हें बचाया। इस बीच आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसके बाद पीड़िता ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दिव्यांगों के लिए स्थाई आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोशनी सोसायटी (मानसिक दिव्यांग बच्चों के पेरेंट्स की संस्था) द्वारा संचालित नैनीताल जिले का जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र आज एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बना। इस केंद्र का शुभारंभ मेयर गजराज बिष्ट व जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा यह स्थाई आधार सेवा केंद्र दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से स्थापित किया गया है, जो देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है। इसे रोशनी सोसायटी की पहल पर जिला प्रशासन नैनीताल द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस केंद्र का उद्देश्य दिव्यांगजन के लिए



आधार कार्ड बनवाना और उसे अपडेट करना आसान बनाना है। स्थाई आधार सेवा केंद्र हफ्ते में दो दिन, मंगलवार और बृहस्पतिवार को खुलने का प्रावधान किया गया है। इस केंद्र में सिर्फ दिव्यांगजन ही अपना आधार बनवा सकते हैं या उसे अपडेट करवा सकते हैं, जो उनकी खास जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस ऐतिहासिक शुरुआत ने दिव्यांग समुदाय के लिए एक बड़ी राहत दी है और इस कदम को एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। शुभारंभ के अवसर पर रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष शिवानी पाल, उपाध्यक्ष हेमा परगाई, गोविंद मेहरा, संयोजक जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नैनीताल और सचिव रोशनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव के लिए प्रशिक्षण आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी सम्पन्न कराए जाने के लिए बुधवार को सुबह 9 बजे से सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में निर्वाचन के लिए रिजर्व सहित तैनात सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम कुल 1047 को निर्वाचन संबंधित प्रथम एवं सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों कुल संख्या 173 को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनामिका ने बताया कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए तैनात कार्मिकों को निर्वाचन मतदान संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने उक्त प्रशिक्षण के लिए कार्मिकों को समय से प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लाखों की स्मैक के साथ चार तस्कर को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** पुलिस ने चार स्मैक तस्करों को लाखों रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्मैक तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में कोतवाली पुलिस एवं एसटीएफ व एएनटीएफ कुमायूं परिक्षेत्र टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये लालपुर स्थित एचपी पैट्रोल पम्प के सामने मैदान से एक व्यक्ति भगवान दास कालरा पुत्र दयानन्द निवासी आवास विकास किच्छा थाना किच्छा को स्मैक बेचते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपित भगवान दास के कब्जे से 172.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जबकि कोतवाली के



अंतर्गत कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम नशा विरोधी चेकिंग अभियान चलाएं हुए थी कि प्रधान लाइन तिराहे से आगे शक्ति फार्म को जाने वाले मार्ग पर तिलियापुर के पास बाइक सवार तीन संदिग्ध युवकों पर शक होने पर घेराबंदी कर हिरासत में लिया तथा तीनों की तलाशी लिए जाने पर उनके पास से 6.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में स्मैक तस्करों ने अपने नाम क्रमशः अभिषेक कुमार पुत्र रमेश कुमार ,गौरव आर्या पुत्र राजू आर्या,अंशुल कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवास. ीगण ग्राम खडकपुर गोला गेट, महा लक्ष्मी मंदिर के पास बेरीपड़ाव थाना लालकुआ जिला नैनीताल बताया। स्मैक तस्करी में प्रयुक्त बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस ने चारों स्मैक तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर स्मैक तस्करों को न्यायालय भेजा है।

पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये आकी गई है। पुलिस टीम में कोतवाल धीरेंद्र कुमार,एस एस आई राजेन्द्र प्रसाद, कलकत्ता फार्म चौकी प्रभारी एस आई ओमप्रकाश नेगी, लालपुर पुलिस चौकी प्रभारी बसंत प्रसाद, एसआई विपिन जोशी, हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह, का. किशोर कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, यशपाल आदि थे।

## आपसी रंजिश में दो युवकों से की मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** पुरानी मंडी बेदी मोहल्ले में छह युवकों ने पड़ोसी दो भाइयों के साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महेन्द्र पुत्र हरपाल सिंह निवासी बेदी मोहल्ला वार्ड 6 ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात मंडी में शादी समारोह की दावत चल रही थी। वह और उसका भाई प्रवीन सिंह दावत में गए थे।

आरोप है कि इस दौरान पुरानी मंडी के छह युवक उनसे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। इस कारण उसके सिर में चोट लगी। प्रवीन ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। लोगों के बीच बचाव करने पर आरा. ेपी मौके से चले गए।

महेन्द्र ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# टांडा जंगल में मिला शव पिथौरागढ़ के भूपेन्द्र सिंह का निकला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** गत दिवस हल्द्वानी रोड़ पर टांडा जंगल में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। मौके पर मृतक का बैग व नगदी बरामद की गई। शव चादर से ढ़का हुआ मिला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवक की हत्या कर शव यहां लाकर फेंका गया है। मृतक के गले में चोट के निशान पाए गए हैं।

आज मंगलवार को मृतक की शिनाख्त थल पिथौरागढ़ निवासी 27 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह पुत्र नन्दन सिंह के रूप में की गई। बताया जाता है कि मृतक भूपेन्द्र सिंह दिल्ली के एक निजी संस्थान में नौकरी करता था। छह जुलाई को वह दिल्ली से अपने घर थल जाने के लिए निकला था। हल्द्वानी पहुंचकर वह एक निजी वाहन में बैठा और अपनी कैंट बरेली निवासी बहन को फोन करके बताया कि वह हल्द्वानी पहुंच गया है और जल्द ही घर पहुंच जाएगा। इसके बाद भूपेन्द्र से कोई सम्पर्क नहीं हो पाया।

गत दिवस उसका शव टांडा जंगल में सड़क किनारे बरामद हुआ। आशंका व्यक्त की जा रही है कि भूपेन्द्र यात्रियों को लूटने वाले गिरोह के जाल में फंस गया जो उसे वाहन में बैठाकर टांडा के जंगल ले आए और उसकी हत्या कर शव सड़क किनारे फैंक दिया। पुलिस ने बेलबाबा मंदिर के पास व मार्ग में अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

गौरतलब हो कि टांडा रेंज के रेंजर रूपनारायण गौतम ने गत दिवस पंतनगर थानाध्यक्ष सुन्दरम शर्मा को यह जानकारी दी थी कि संजय वन के पास डिमरी ब्लॉक के प्लॉट संख्या 19 के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर चादर से ढ़के शव को अपने कब्जे में लिया। मामले की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, सीओ पंतनगर डीआर वर्मा भी मौके पर आ गए।

पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का एक बैग बरामद किया, जिसमें नगदी व कुछ सिक्के पाए गए। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए थे। मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा।

# नि:शुल्क कारपेंटर प्रशिक्षण हेतु मांगे आवेदन

■ **इच्छुक युवाओं को कारपेंटर व्यवसाय में ढाई माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण सितारगंज सिडकुल परिसर में दिया जाएगा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने तथा आत्मनिर्भरता की ओर एक सार्थक कदम बढ़ाते हुए 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल एवं एमएसएमई सेंटर सितारगंज के संयुक्त तत्वाधान में मेलाघाट सिसैया के जनमिलन केंद्र पर एक शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में द्वितीय चरण के लिए 30 सीटों पर सीमावर्ती क्षेत्र के 18 से 35 वर्ष के ग्रामीणों व बच्चों से ढाई महीने के नि:शुल्क कारपेंटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन मांगा गया। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम में एमएसएमई सेंटर सितारगंज के प्रबंधक ईशु अस्थाना, एक्शन टेशा के सहायक प्रबंधक राहुल कुमार सिंह तथा सहायक प्रबंधक कपिल कुमार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। वहीं उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए यह एक सशक्त मंच है। इससे सीमावर्ती क्षेत्र के इच्छुक युवा तकनीकी रूप से दक्ष बन सकेंगे। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त भी बन सकेंगे। प्रबंधक अस्थाना ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत प्रतिभागी स्वरोजगार स्थापित करने के साथ-साथ एमएसएमई केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत सरकारी सहयोग भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह ढाई माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण सितारगंज स्थित सिडकुल क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रतिभाग करने वाले युवाओं को व्यवसायिक उपरोक्त उपकरणों की जानकारी, फर्नीचर निर्माण, डिजाइनिंग तकनीकी और मार्केटिंग कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर एमएसएमई सेंटर सितारगंज के प्रबंधक ईशु अस्थाना, एक्शन टेशा के सहायक प्रबंधक राहुल कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक कपिल कुमार, उप निरीक्षक अरुण कुमार उप निरीक्षक राजू कुमार सिंह, सबल सिंह, मुख्य आरक्षी प्रवेश कुमार तथा स्थानीय ग्रामीणों में दीपक कुमार, रंग लाल यादव, गोरख नाथ, रमाकांत, राजेश्वर गौतम, सदानंद तथा नारायन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस ने तोड़ी चार कच्ची शराब की भट्टी

■ **आठ हजार लीटर लहन और तैयार की 120 लीटर कच्ची शराब की नष्ट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर पंचायती चुनाव 2025 के मद्देनजर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में नशे के विरुद्ध और अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर सीओ विभव सैनी के निर्देशन में बाजपुर कोतवाली के एसएसआई विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में बरहैनी चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल मय पुलिस टीम द्वारा आठ जुलाई को बरहैनी के ग्राम सेमल क्षेत्र के जंगल में नालों के किनारे में बनाई गई चार कच्ची शराब की भट्टियों को तोड़ दिया गया है। पुलिस टीम द्वारा



लगभग आठ हजार लीटर कच्ची शराब के लहन और तैयार की गई 120 लीटर कच्ची शराब को नष्ट कर दिया है। साथ ही पुलिस टीम ने कच्ची शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया है। बरहैनी चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल ने बताया आगे भी बरहैनी के ग्राम सेमल क्षेत्र के जंगल में कच्ची शराब के लहन को नष्ट करने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

पुलिस टीम में बरहैनी चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल सुरेश चंद्र सिंह, दलीप सिंह फर्त्याल, सुनील कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### प्रेम प्रसंग में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** प्रेम प्रसंग के चलते ट्रांजिट कैम्प में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार चामुंडा मंदिर के पास ट्रांजिट कैम्प निवासी 20 वर्षीय विश्वजीत मल्लिक पुत्र सुदेश का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किसी बात को लेकर दोनों में मनमुटाव चल रहा था, जिसको लेकर विश्वजीत मानसिक तनाव में रहता था। बताया जाता है कि आज मंगलवार को उसके पिता सुदेश जो राजमिस्त्री का काम करते हैं काम पर चले गए, जबकि घर के अन्य सदस्य भी काम पर गए थे। विश्वजीत घर में अकेला मौजूद था। तनाव के कारण उसने घर में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजन घर वापस आए तो उन्होंने विश्वजीत को फांसी पर लटका देखा। शोर होने पर आस पड़ोस के लोग भी आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी भी पहुंच गए। विश्वजीत को फांसी से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### नेहा परवीन का मुंडिया कला में चुनाव प्रचार हुआ शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम मुंडिया कला से प्रधान पद के लिए महिला प्रत्याशी नेहा परवीन पत्नी आमिर खान के प्रचार ने चुनावी मैदान में हलचल को तेज कर दिया है। महिला प्रत्याशी नेहा परवीन ने कहा कि ग्राम मुंडिया कला के ग्राम वासियों के आशीर्वाद से चुनाव में मुझे जीत मिलेगी और अब ग्राम वासी मुझे बंपर जीत दिलाने वाले है।



महिला प्रत्याशी नेहा परवीन ने कहा कि ग्राम प्रधान लियाकत अली द्वारा ग्राम मुंडिया कला के लिए विकास किया गया है विकास करेंगे जन-जन का सम्मान करते रहेंगे। ग्राम वासियों के आशीर्वाद से 24 जुलाई को भारी मतों से विजय प्राप्त करूंगी। महिला प्रत्याशी नेहा परवीन ने कहा कि ग्राम मुंडिया कला के ग्राम वासियों ने मुझे भरोसा दिलाया है कि वह ग्राम मुंडिया कला के विकास के लिए वोट करेंगे। महिला प्रत्याशी नेहा परवीन ने कहा कि ग्राम मुंडिया कला के भोले भाले ग्राम वासियों से अन्य प्रत्याशी लगातार बड़े बड़े झूठे वादे किए जा रहे हैं, जिन्हें वह कभी पूरा नहीं कर सकते हैं। ग्राम मुंडिया कला के ग्राम वासी सब जान गए हैं। मुझे ग्राम मुंडिया कला के ग्राम वासियों का आशीर्वाद मिला है और मिलता रहेगा।

### कच्ची शराब सहित एक तस्कर किया अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर बाजपुर में मादक पदार्थ की रोकथाम और कच्ची शराब की तस्करी करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर सीओ विभव सैनी के निर्देशन में बाजपुर कोतवाली के एसएसआई विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल मय पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान दोराहा बाजपुर की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के पास से एक तस्कर सुरेंद्र पुत्र जसवंत निवासी कनोरा बाजपुर जिला उधम सिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार तस्कर सुरेंद्र के पास से लगभग 20 पाउच कच्ची शराब को बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा तस्कर सुरेंद्र के विरुद्ध आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल ने बताया कि आगे भी दोराहा क्षेत्र में कच्ची शराब की तस्करी करने वालों की गिरफ्तारी लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, दीपचंद शर्मा शामिल रहे।

### माता-पिता की याद में युवा व्यावसायी ने लगाया वाटर कूलर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मझोला यूपी के युवा व्यवसायी खटीमा निवासी प्रदीप शर्मा ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की याद में ब्रह्मदेव मंदिर में वाटर कूलर लगाया है। युवा व्यावसायी टैंक ने आम मार्ग चलने वालों को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया है।



नगर के सितारगंज रोड़ निवासी युवा व्यवसायी प्रदीप शर्मा ने अपनी माता स्वर्गीय विमला शर्मा व पिता स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा की याद में लोहिया पुल स्थित ब्रह्मदेव मंदिर में वाटर कूलर लगाया। युवा व्यवसायी टैंक ने प्रयास से मार्ग चलने वालों को भीषण गर्मी में शीतल जल पीने को मिल रहा है।

### रोड निर्माण और मिट्टी भरान की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** पूर्णागिरि कॉलोनी अमांऊ वार्ड नंबर पांच के निवासियों ने पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को एक मांग पत्र सौंप कर गोपाल सिंह अन्ना के मकान से नवी अहमद के मकान तक लगभग डेढ़ सौ मीटर रोड निर्माण तथा तथा मिट्टी भरान की मांग की। मांग पत्र के अनुसार गोपाल सिंह अन्ना के मकान से ऐंठा नाले की पुलिया तक कच्चा रास्ता है। जिसकी वजह से तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वाहनों का आवागमन तथा पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं बरसात के समय में रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। जिसकी वजह से बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते हैं। वहीं वार्ड वासियों ने मांग पत्र सौंप कर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है। यहां सभासद बसंती सामंत, ताहिर खां, सज्जाद अली आदि थे।

# चेकपोस्ट पर पकड़ी भारतीय करेंसी और 45 तोला ज्वैलरी

■ **मौका पाकर दो आरा. ेपी भाग गए**

**पकड़ी कई नकदी में 4,22,100 रुपये की भारतीय मुद्रा**

शाह टाइम्स संवाददाता

चंपावत। बनबसा एसएसबी चेकपोस्ट पर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त चेकिंग में टीम ने भारत से नेपाल जा रहे दो लोगों के कब्जे से करीब चार लाख बाइस हजार से अधिक की भारतीय करेंसी और 45 तोला ज्वैलरी बरामद की। दोनों मौका पाकर भाग गए।

एसएसबी ने पकड़ा सामान पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चेकपोस्ट पर शाम को एसएसबी और पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी बीच संयुक्त दल को दो लोग भारत से नेपाल की ओर जाते दिखे। उनके सामान की चेकिंग में बड़ी मात्रा में भारतीय मुद्रा और ज्वैलरी बरामद हुई है। बताया कि पकड़ी कई नकदी में 4,22,100 रुपये की भारतीय मुद्रा है। इसमें 500 रुपये के 825 नोट, 100 रुपये के 96 नोट हैं।

उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर सीमा क्षेत्रें में अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुए चम्पावत जिले की बनबसा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत-नेपाल सीमा पर 4 लाख 22 हजार 100 रुपये नकद और लाखों रुपये मूल्य की संदिग्ध ज्वेलरी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में अवैध लेन-देन की को. शिश को नाकाम कर दिया गया। चौकी शारदा बैराज क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया, जिसमें भारी मात्र में नकदी के साथ 70 से अधिक प्रकार की पीली, सफेद और कॉपर धातु की आभूषण सामग्री, घड़ियां, सिक्के, मोबाइल फोन और बैग बरामद किए गए। बरामद की गई वस्तुएं संदिग्ध परिस्थितियों में सीमा पार ले जाई जा रही थीं। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए संदिग्ध गति. विधियों की रोकथाम के लिए की जा रही है।

बरामद सामान की विस्तृत जांच जारी है और बरामदगी से जुड़े व्यक्तियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इस संयुक्त कार्रवाई में बनबसा थानाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कोरंगा, चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता समेत पुलिस और एसएसबी के जवान शामिल रहे।

# बन्नाखेड़ा पुलिस ने तोड़ी जंगल में दो कच्ची शराब की भट्टी

■ **पुलिस ने किया पांच हजार लीटर कच्ची शराब के लहन को नष्ट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में नशे के विरुद्ध और अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसआई विना. ेद फर्त्याल के नेतृत्व में बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा ग्राम दाबका पार गोबरा क्षेत्र के जंगल में पहुंचे। जहां नाले के बगल में बनाई गई दो कच्ची शराब की भट्टियों को तोड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा लगभग पांच हजार लीटर कच्ची शराब के लहन को नष्ट कर दिया है। साथ ही अवैध कच्ची शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया है। बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा ने बताया कि आगे भी गोबरा क्षेत्र के जंगल में कच्ची शराब को नष्ट करने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल मनोज करायत, मोहन खाती, विपिन चंद्र, अनुपम सिंह, ग्राम प्रहरी रामचंद्र सिंह शामिल रहे।

# एसएसबी और ग्रामीणों के सहयोग से किया गया वृक्षारोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** इंडो नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट ज्ञानोदय बुद्ध विहार परिसर के साथ ही अन्य जगहों पर वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल तथा सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के सहयोग से पर्यावरण को शुद्ध, स्वच्छ, सुंदर व हरा भरा रखने के दृष्टिकोण से विभिन्न प्रजाति के सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया। वहीं लोगों को पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। इसके साथ ही उपस्थित समस्त लोगों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनको सुरक्षित व संरक्षित रखने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर उप निरीक्षक अरुण कुमार, सबल सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजू कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी प्रवेश कुमार, दीपक कुमार, गोरख नाथ, रंगलाल यादव, रमाकांत, राजेश्वर, सदानंद, नारायन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दीनदयाल पार्क में किया पौधारोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखण्ड जसपुर के कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय सेवा साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत दीनदयाल पार्क में पौधारोपण किया।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजकल की बढ़ती जनसंख्या तथा तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वनों का विनाश होता जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने व



जनजीवन को बचाने के लिए वृक्षारा. ेपण करना बहुत जरूरी हो गया है। इस अवसर पर नितिन चौहान प्रखण्ड अध्यक्ष, राहुल चौहान जिला गौशाला संपर्क प्रमुख , चंद्रपाल सिंह, यश चौहान प्रखंड सहमंत्री , प्रभुजीत प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख , विक्कू, गणेश आदि मौजूद रहे।

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों का उत्साह के साथ किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कैलाश यात्रा जाने वाला दूसरा जत्था मंगलवार को रुद्रपुर पहुंचा। एक होटल में कुछ देर विश्राम और भोजन करने के बाद यह जत्था टनकपुर के लिए रवाना हो गया।

यह जत्था मंगलवार रात को टनकपुर विश्राम करेगा और और बुधवार (नौ जून) सुबह टनकपुर से कैलाश यात्रा के लिए रवाना होगा। साल बाद शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे पहले पहला जत्था 4 जुलाई को उत्तराखंड होते हुए कैलाश मानसरोवर के लिएर रवाना हुआ था। इस दूसरे जत्थे में 48 लोग शामिल हैं। जत्थे में शामिल भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी इस यात्रा को लेकर अभिभूत दिखाई दी। जत्थे के प्रभारी के डी देवल ने कहा कि यह दूसरा जत्था मिनी इंडिया है और यह जत्था कैलाश मानसरोवर यात्रा पूरी करके 25 जुलाई को वापिस आएगी।

# कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने किया मार्गो का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** कावड़ यात्रा को सुरक्षित संपादित कराने को लेकर उधम सिंह नगर पुलिस अलर्ट मोड पर है। मार्गो की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों द्वारा संबंधित टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस क्रम में पुलिस अधीक्षक क्राइम, अपर पुलिस अधीक्षक संचार, क्षेत्राधिकारी काशीपुर द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कुंडा, प्रभारी निरीक्षक काशीपुर, थाना प्रभारी आईटीआई व निरीक्षक यातायात की उपस्थिति में नादेही बॉर्डर से लेकर जसपुर क्षेत्र से गुजरने वाले सभी कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया व आगामी कावड़ यात्रा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को शराब के साथ पकड़ा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन मे दिनांक 08/07/25 को हल्का इंचार्ज उ.नि. हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गढी हुसैन से गुज्जरों के डेरो को जाने वाली सड़क जसपुर से दिलबाग सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी तुमड़िया डाम मालधन , थाना रामनगर उम्र 25 वर्ष को एक काले रंग की ट्यूब में ले 45 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा एफआईआर नं.- 312/25 धारा- 60 EXACT पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में पुलिस टीम में व.उ.नि. जावेद मलिक, एसआई हरीश आर्य,हे.का. नवीन प्रकाश,का. विपिन चंद्र आदि मौजूद रहे।

# हल्दी घेरा निवासी जोगा सिंह के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई

■ डीएम के आदेश पर किया गया जिला बदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान है। वहीं जनपद उधम सिंह नगर के जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के आदेश के क्रम में असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर गुंडा एक्ट की कार्यवाही की प्रक्रिया चल रही है। साथ तड़ीपार जिला बदर की कार्यवाही भी की जाएगी।

जला अधिकारी को प्रॉपर चैनल द्वारा रिपोर्ट भी प्रेषित की जाएगी। इसी क्रम में ग्राम हल्दी घेरा कोतवाली खटीमा निवासी जोगा सिंह पुत्र सुरता सिंह के खिलाफ जिला बदर हेतु कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है। जोगा सिंह के खिलाफ थाना खटीमा में धारा 3/4 गुंडा अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत है। वहीं थाना खटीमा में पांच अन्य मामलों में भी विभिन्न गंभीर धाराओं में जोगा सिंह के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा जोगा सिंह की जिला बदर कार्यवाही हेतु डीएम को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

# क्यारी गांव में सिलाई केंद्र का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** नेचर बायो फूड्स कंपनी की रामनगर किसान परियोजना के अंतर्गत क्यारी गांव में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। नेचर बायो फूड्स कंपनी ने बताया कि यह गांव जंगल के अंदर है और महिलाओं को सिलाई सीखने के लिए गांव से दूर शहर जाना पड़ता है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव का अवलोकन करने के बाद नेचर बायो फूड्स कंपनी ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया।इस सिलाई प्रशिक्षण केंद्र मे क्यारी गांव की लड़कियों एवं महिलाओ को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान अमित सिंह, बहादुर सिंह बजवाल, वीरेंद्र कुमार, नरेंद्र बिष्ट, नंदन मायल, रेखा नेगी, नीमा सती, गीता बोहरा आदि मौजूद रही।

# परमाणु युग में भी देवीधुरा में देखने को मिल रहा है पाषाण युद्ध

■ इस वर्ष विख्यात देवीधुरा मेला होगा पांच से 16 अगस्त तक

■ नौ अगस्त को होगा मेले का मुख्य आकर्षण 'बग्वाल'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** परमाणु युग में पाषाण युद्ध के लिए विख्यात देवीधुरा का बग्वाल मेला इस वर्ष पांच से 16 अगस्त तक होगा, जबकि मेले का मुख्य आकर्षण 'बग्वाल' नौ अगस्त को होगी।

आज मंगलवार को बाराही धाम में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में चार खाम, सात थोक एवं मंदिर कमेटी तथा जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस वर्ष मेला क्षेत्र का विस्तार करते हुए केदारनाथ से कनवाड़ बैंड तक आठ किमी कि परिधि होगी, जिसे विद्युत प्रकाश से जगमगाया जाएगा। इस वर्ष मेले में सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए जाएंगे।

बाहर से आने वाले व्यापारियों को अपना नाम दुकान के बाहर चश्वा करना होगा तथा पुलिस पहले से ही सभी का चरित्र सत्यापन करेगी। मेला क्षेत्र में इस दफा यातायात की सुगम व्यवस्था होगी तथा त्रिस्तरीय चुनाव को देखते हुए सीओ चम्पावत के नेतृत्व में पुलिस की तगड़ी व्यवस्था रहेगी। पूरा मेला क्षेत्र सीटीटीवी से अच्छादित होगा जबकि एलईडी स्क्रीन की संख्या गतवर्ष की तुलना में दोगुना की जाएगी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता एवं पीठाचार्य कीर्ति शास्त्री के संचालन में लगभग 3 घंटे तक चली बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा गहड़वाल खाम के त्रिलोक सिंह बिष्ट ,चमियाल खाम के गंगा सिंह चमियाल, वालिक खाम के बद्री सिंह बिष्ट, लमगड़िया खाम के प्रमुख वीरेंद्र लमगड़िया श्रीगुरो भोपाल सिंह बिष्ट के अलावा चम्पावत, अल्मोड़ा, नैनीताल जिलों के पड़तीदार गांवों के लोग भी शामिल थे । मंदिर कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, मोहन सिंह बिष्ट, चेतन भईया, चंदन बिष्ट, हयात सिंह, विशन चम्याल, दीपक चम्याल ने जिलाधिकारी मनीष कुमार, एसपी अजय गणपति का भावपूर्ण स्वागत किया। मेले के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे । श्री लमगड़िया ने कहा कि इस मेले के प्रति देश के लोगो कि दिलचस्पी बढ़ने से हमारी जिम्मेवारियां भी बढ़ती जा रही हैं। 'बग्वाल'में भाग लेने वाले चारों खामों के लोगों को अनिवार्य रूप से ड्रेस कोट का पालन कर अपनी आईडी लगानी होगी। उन्होंने इस बात पर संतोष एवं गर्व का अनुभव किया कि उन्हें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के रूप में ऐसी जोड़ी मिली है जो इतनी आ स्थावान है कि वह अपने अनुभव व ज्ञान के अनुसार मेले को और भव्य व दिव्य रूप देना चाहते हैं।

# चुनाव में एक भी गलती की नहीं है गुंजाइशः सीडीओ

■ सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी/सीडीओ डा. जीएस खाती की मौजूदगी में प्रेक्षागृह में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट का प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार की गलती के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने सभी कार्मिकों को पूर्ण गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण जीवन कलौनी, सहायक नोडल अधिकारी डा. एमपी जोशी तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने समस्त कार्मिकों को चुनाव संबंधी समस्त जानकारियां विस्तारपूर्वक दी। मास्टर ट्रेनर प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा मतदान कार्मिकों के कार्यदायित्व, मतदान प्रक्रिया, निविदत्त मत, अभ्याक्षेपित मत, मतपत्र लेखा तैयार करने आदि को विस्तारपूर्वक समझाया। प्रशिक्षण में समस्त सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा गंभीरतापूर्वक प्रथम प्रशिक्षण लिया।

# टीबी से डरने की नहीं जागरूक होने की जरूरतः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में टीबी उन्मूलन की एक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसएस नबियाल एवं जिला क्षयरोग अधिकारी डा. ललित भट्ट से इस हेतु चर्चा की।

जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताते हुए कहा कि जनपद के समस्त ग्राम में फ्री टीबी जांच कैंप लगाया जा रहा है और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम जनपद के स्कूलों में जाकर टीबी फ्री अभियान के तहत प्लेज करवाती है और टीबी के बचने हेतु जानकारी देती है और साथ ही इसका प्रचार-प्रसार भी करती है। उन्होंने बताते हुए कहा कि रेडियो में प्रचार हेतु स्वास्थ्य विभाग उत्तराखंड द्वारा एक टीबी एंथम तैयार की गई है जिसे जनपद में पंचशूल कम्युनिटी रेडियो स्टेशन 88.4 FM के माध्यम से नगर में बजाया जाएगा और बताया कि CHO अपने गांव में प्रचार-प्रसार करते रहते है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नबियाल ने जनपद की जनता से आग्रह किया कि टीबी से डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि ये बीमारी इलाज के माध्यम से खत्म हो सकती है और उन्होंने बताया कि जन जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से जनपद को मुक्त किया जा सकता है।

राज्य सरकार के टी बी मुक्त उत्तराखंड प्रण को साकार करने हेतु जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य विभाग हर संभव कोशिश कर रहा है।

जिलाधिकारी ने निक्षय मित्रों की टीम के गठन हेतु तथा इस हेतु खर्च होने के बारे में भी जाना और जिला क्षयरोग अधिकारी को हर हफ्ते एक रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त अभियान के प्रचार प्रसार हेतु एक वीडियो बनाकर उसे जनपद में सोशल मीडिया के माध्यम से भी सर्कुलेट करने के निर्देश दिए, साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी इसका प्रचार जनपद में करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षयरोग अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# 43 यात्रियों ने किए आदि कैलाश के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्राओं के प्रथम दल में से 43 यात्रियों (31 पुरूष एवं 12 महीला) ने आज मंगलवार सुबह आदि कैलाश के दर्शन किए। उन्होंने सुबह 5 बजकर 30 मिनट में गूंजी से जौलीकोंग को प्रस्थान किया और 9 बजकर 55 मिनट में वे गूंजी वापस पहुंचे। गूंजी में नाश्ता कर 45 यात्रियों ने नाभीढांग के लिए प्रस्थान किया, सभी 45 यात्रियों को स्वास्थ्य टीम द्वारा फिट पाया गया।

इस बीच यात्रियों ने कालापानी मंदिर के दर्शन किए और दोपहर 02 बजकर 05 मिनट में वे नाभीढांग पहुंच गए। बता दे कि कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाला यह पहला दल है, जिसने आदि कैलाश यात्रा की है। दूसरा कैलाश मानसरोवर यात्रियों का दल आज शाम 04:20 बजे टनकपुर पहुंच चुका है जो कल जनपद पिथौरागढ़ को रवाना होगा। मानसरोवर यात्रियों जिसमें 48 सदस्य दल होंगे। सभी यात्रियों का पारंपरिक तरीके से टीआरसी में स्वागत किया जाएगा। दल के कुल 48 सदस्यों में 34 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल हैं सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया वो स्वस्थ्य पाए गए। बता दें कि पहले दल में 45 यात्री शामिल रहे।

# प्रमुख वन संरक्षक डा. समीर सिन्हा ने इंजी. शौर्य की लेखनी को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) डां. समीर सिन्हा ने युवा बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य के लेखन की प्रसंशा की। वन भवन देहरादून में स्थित मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में पहुंच कर बाल साहित्यकार इंजी. शौर्य ने मुख्य वन संरक्षक समीर सिन्हा से मुलाकात की। इस अवसर पर इंजी. शौर्य ने स्वरचित पुस्तक जंगल हम बचाएंगे भेंट की। डां समीर सिन्हा ने कहा कि इस तरह का साहित्य लिखा जाना आज की आवश्यकता है। इन प्रयासों से ही नई पीढ़ी में वनों एवं वन्य जीवों के प्रति लगाव पैदा किया जा सकता है। यह चित्रात्मक पुस्तक पाठकों को अपने से जोड़ने में सक्षम है। इंजी. ललित शौर्य ने बताया कि वह लंबे समय से पर्यावरण जागरूकता के लिए कहानियां लिख रहे हैं। इससे पहले उनकी पुस्तक गुलदार दगड़िया बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का सैकड़ों ने उठाया लाभ

■ पहली बार गंगोलीहाट में भी लगाया जाएगा 13 जुलाई को शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय की ओर से अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को राहत देने की श्रृंखला शुरू कर दी गई है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों एवं बुजुर्गों को चिकित्सा सेवा के साथ उनके आंखों की जांच करना है जो चिकित्सालय आने में असमर्थ हैं।

आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज के दिशा निर्देशन एवं चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज के नेतृत्व में नौगांव रेगडू से 10 दिनीं ग्रामीण शि. विरों की शुरुआत की गई जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ डा.देवाशीष पाल, फिजिशियन डा. अनुज सिंह राणा, दंत रोग चिकित्सक डा. लोकेश जोशी, नेत्र सहायक सरस्वती गोरई एवं मानव कुंड द्वारा रोगियों का उपचार करने के साथ मौके में ही आंखों के चश्मे वितरित किए जा रहे हैं।

इस दौरान मोतियाबिंद आदि की भी जांच कर ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जिनका अक्टूबर माह में धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित होने वाले विशेष चिकित्सा शिविर में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। रेगडू व दिगालीचौड़ में 700 से अधिक रोगियों का उपचार किया गया।

चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज ने बताया कि आज सोमवार को बापरू गांव में शि. विर चल रहा है जबकि नौ जुलाई को दुबचौड़ा, 10 को मध्यगंगोल, 11 को खेतीखान, 12 को कर्णकरायत, 13 जुलाई को गंगोलीहाट एवं 14 जुलाई को पुनः दिगालीचौड़ में रोगियों की तादाद अधिक होने के कारण वहां दोबारा शिविर लगाया जाएगा।

स्वामी जी के अनुसार जिन लोगों के आंखों की जांच की जा रही है उनके लिए एक माह बाद गांव में ही शिविर लगाकर उन्हें चस्मो का वितरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह उक्त शिवि. रों का अत्यधिक लाभ उठाएं।

# डीएम ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** त्रिस्तरीय चुनाव 2025 की तैयारियों का विकास भवन में बनाए गए कंट्रोल रूम का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत विनोद गोस्वामी द्वारा निरीक्षण कर स्थितियों का जायजा लेते हुए प्रभारी अधिकारी कंट्रोलरूम/ शिकायत एवं विभिन्न प्रक्रियाओं के अभिलेखीकरण/ जिला संख्याधिकारी निरंजन प्रसाद व सह प्रभारी अधिकारी वरुण सरगवान को दिए।



उन्होंने कंट्रोल रूम में सूचनाएं अपडेट रखने के निर्देश देते हुए प्रभारी अधिकारी, मतपत्र/मतपेटी/पोस्टल बैलेट/ जिला पंचायत राज अधिकारी हरीश आर्या से भी आवश्यक जानकारी लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने चुनाव सामग्री रूम का भी निरीक्षण कर त्रिस्तरीय चुनाव सामग्री मतपेटी, स्टेशनरी, पत्र, प्रपत्र आदि का जायजा लिया गया। इस दौरान प्रभारी अधिकारी कंट्रोलरूम/ शिकायत एवं विभिन्न प्रक्रियाओं के अभिलेखीकरण/ जिला संख्याधिकारी निरंजन प्रसाद, डीपीआरओ हरीश आर्या समेत संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# एनडी पांडे ने लोहाघाट, धीरेन्द्र जोशी ने दुगाड़ी एवं श्याम सिंह ने संभाला कार्यभार

**चंपावत।** एनडी पांडे ने लोहाघाट, श्याम सिंह ने देवीधुरा तथा बृजेश जोशी ने दुगाड़ी रेंज के नए वन क्षेत्राधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री पांडे दीप जोशी के स्थान आए हैं, जिनका यहां से बागेश्वर के लिए स्थानांतरण हुआ था। जबकि श्याम सिंह ने बीसी गुणवंत का स्थान लिया है, जिनके यहां से हल्द्वानी के लिए स्थानांतरण हुआ था। इसी प्रकार धीरेन्द्र जोशी ने दुगाड़ी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी का कार्यभार संभाला है जहां रमेश जोशी के बागेश्वर स्थानांतरित होने से यह पद रिक्त था। नए वन क्षेत्राधिकारी ने अपना कार्यभार संभालने के बाद हरेला पर्व में किए जाने वाले सघन वृक्षा रोपण कार्यक्रम की तैयारियां यह शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर/रामनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में पतरामपुर चौकी इंचार्ज उ.नि. गोविंद सिंह मेहता द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर झल्लामोड़ मनोरथपुर को जाने वाली सड़क जसपुर से करण सिंह उर्फ कम्मू पुत्र करनैल सिंह निवासी भोगपुरडाम , थाना जसपुर को एक प्लास्टिक के कट्टे में 90 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व.उ.नि. जावेद मलिक, एसआई गोविंद सिंह मेहता, का. जगदेव सिंह, प्रशांत कुमार आदि शामिल रहे।

**रामनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के मद्देनजर आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में आबकारी अपराध निरोधक क्षेत्र 3 रामनगर में आबकारी निरीक्षक उमेश पाल के नेतृत्व में भवानीगंज वन निगम रामनगर एवं गूलरघट्टी में अवैध कच्ची शराब बेचने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया जिसमें मौके पर मनु ठाकुर निवासी भवानीगंज और वहीं पर राजीव शर्मा निवासी गुलरघटी के कब्जे से लगभग कुल 80 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई वहीं पर दोनो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं।उन्होंने बताया कि कच्ची शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर के आद. ेशानुसार कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर न्यायालय जसपुर द्वारा जारी वारण्ट से संबंधित वारण्टी गुलशेर पुत्र अनवर निवासी नई बस्ती थाना जसपुर, जसविंदर सिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी दाढ़ीपुरा चौकी धरमपुर थाना जसपुर को गिरफ्तार किया गया। वारंटियों को न्यायालय पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस टीम में शामिल एसआई कृष्ण चंद्र आर्य, एसआई ललित सिंह, का. अब्दुल मलिक, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पार्लर को निकली महिला लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** घर से पार्लर जाने की बात कहकर निकली महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पति की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। संजय नगर खेड़ा निवासी ने ट्रांजिट कैंप थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी बीते 11 अप्रैल को दोपहर घर से बाहर गई थी। उसकी पत्नी ने कहा था कि वह पार्लर जा रही है, लेकिन इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। उसकी सभी संभावित जगहों और रिश्तेदारों में तलाश की पर कुछ पता नहीं चल पाया।

# अवैध शराब बनाते एक दबोचा

**रामनगर।** प्रशासन और आबक. ारी विभाग की संयुक्त टीम ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उपजिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार के नेतृत्व मे आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रामनगर के मालधन एवं तुमडिया डैम में कच्ची शराब के खिलाफ छापेमार की गई। छापेमारी के दौरान एक भट्टी तोड़ी गई और मौके पर लगभग 5000 किलो लहन नष्ट किया गया। मौके पर लगभग एक रबर ट्यूब में 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके पर शराब बनाने वाले उपकरणों को नष्ट किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर मालधन चौड़ निवासी सुखदेव सिंह को आठ लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# बॉक्सर कोमल मेहता का भारतीय कैम्प के लिए हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, टकाना, पिथौरागढ़ के अधीन संचालित आवासीय बालिका बॉक्सिग छात्रावास, पिथौरागढ़ में प्रशिक्षणरत बालिका कोमल मेहता का चयन इण्डिया कैम्प ओरंगाबाद महाराष्ट्र के लिये हुआ है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि कोमल एक माह के लिए इण्डिया कैम्प में रहकर बॉक्सिग का प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। कोमल वर्तमान में छात्रावास, पिथौरागढ़ में सुनीता मेहता एवं कै. देवी चंद से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। कोमल द्वारा इससे पूर्व खेलो इण्डिया नोर्थ जोन जूनियर एवं यूथ बॉक्सिग चैम्पियनशिप 2022 में कॉस्य पदक, स्कूल स्टेट बॉक्सिग चैम्पियनशिप 2022-23, राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ 2023, उत्तराखंड आमंत्रण राज्य स्तरीय बॉक्सिग चैम्पियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हाल ही में उसके द्वारा आल इण्डिया यूनिवर्सिटी 2024-25 एवं यूथ नेशनल बॉक्सिग चैम्पियशिप 2025 में कॉस्य पदक प्राप्त किया है। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की बालिका खिलाड़ी की उपलब्धि पर जिला बॉक्सिग संघ, पिथौरागढ़ के अध्यक्ष कमल पुनेड़ा, सचिव अजय राठौर, कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह बोहरा, कै. देवी चंद, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, विजेन्द्र मल्ल, निखिल महर, सुनीता मेहता, हेम उपाध्याय, जोगेन्दर बोहरा, महिमा विश्वकर्मा आदि जनपद के समस्त खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त कर बॉक्सर को शुभकामनाएं दी हैं।

केनरा बैंक Canara Bank A Government of India Undertaking

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा-II.
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल- cb3038@canarabank.com फोन: 011-26513121

मांग सूचना

धारा 13 (2) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत नोटिस

केनरा बैंक,एआरएम II शाखा नई दिल्ली द्वारा निम्न सम्पत्ति को साम्यिक बंधक रखते हुये ऋण प्रदान किया गया। ऋणी/सह-ऋणी /गारंटर,नियम एवं शर्तों के अनुसार ऋण की अदायगी करने में असफल रहे फलस्वरूप भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण खाता एनपीए की श्रेणी में वर्गीकृत हो गया। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बैंक देयों की वसूली हेतु सरफेयसी के अन्तर्गत माँग नोटिस जारी किया गया एवं रजिस्टर्ड पोस्ट /स्पीड पोस्ट के माध्यम से उधारकर्ता/गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी को भेजा गया। दिये गये पते से डाक वापस आने के कारण उक्त माँग नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है। ऋणी/सह-ऋणी /गारंटर को सूचित किया जाता है कि इस माँग नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर बैंक के समस्त देयों (ब्याज, वसूली व्यय एवं प्रभार आदि) को भुगतान करें अन्यथा समस्त देयों की वसूली हेतु केनरा बैंक, एआरएम II शाखा नई दिल्ली सरफेयसी अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की कब्जा एवं नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ करेगा। इसके अलावा, उक्त अधिनियम 13(13) के माध्यम से बिक्री/पट्टे या अन्यथा सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करना निषेद्ध होगा। "उधारकर्ता(ओं) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।"

| क्र. सं. | शाखा/ऋणी/गारन्टर के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | एनपीए की तिथि | मांग नोटिस की तिथि | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा: एआरएम II, नई दिल्ली<br>मैसर्स किसान ट्रैक्टर्स और इम्लीमेंट्स (पार्टनरशिप) पताः निकट कार्बेट होटल मुरादाबाद रोड, काशीपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखंड- 244713, श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश पाठक (पार्टनर और गारन्टर एवं बंधककर्ता), पताः संजीवनी हेल्थ केयर मकान नं. 08, पुराना आवास विकास बाजपुर रोड, काशीपुर, उत्तराखंड- 244713, श्री सिमरपाल सिंह बैंस पुत्र परमजीत सिंह बैंस, (पार्टनर और गारन्टर) पताः बैंतवाला पोस्ट कुंडा काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड- 244713, डा. तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक (गारन्टर और बंधककर्ता), पताः संजीवनी हेल्थ केयर मकान नं. 08, पुराना आवास विकास बाजपुर रोड, काशीपुर, उत्तराखंड- 244713, मैसर्स यश ट्रेडर्स (ऋणी), पताः मुरादाबाद रोड, काशीपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखंड- 244713, श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश पाठक (प्रोपराईटर और बंधककर्ता), पताः संजीवनी हेल्थ केयर मकान नं. 08, पुराना आवास विकास बाजपुर रोड, काशीपुर, उत्तराखंड- 244713, डा. तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक (गारन्टर और बंधककर्ता), पताः संजीवनी हेल्थ केयर मकान नं. 08, पुराना आवास विकास बाजपुर रोड, काशीपुर, उत्तराखंड- 244713, श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश पाठक (ऋणी और बंधककर्ता), पताः संजीवनी हेल्थ केयर मकान नं. 08, पुराना आवास विकास बाजपुर रोड, काशीपुर, उत्तराखंड- 244713, डा. तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक (ऋणी और बंधककर्ता), पताः संजीवनी हेल्थ केयर मकान नं. 08, पुराना आवास विकास बाजपुर रोड, काशीपुर, उत्तराखंड- 244713 | चल सम्पत्तिः 1. दृष्टिबंधक स्टॉक शीर्षक धारक का नामः- मैसर्स किसान ट्रैक्टर्स और इम्पीलीमेंट<br>सम्पत्ति नं. 2:- दृष्टिबंधक स्टॉक- शीर्षक धारक का नाम मैसर्स यश ट्रेडर्स।<br>3:- Four Wheeler Kia Seltos G 1.5 IMT HTK Plus Glacier White Pearl having. ईंधन का प्रकारः-पेट्रोल, इंजन नं. G4FLMV267134, चेसिस नं. MZBEP812LMN317914 शीर्षक धारक का नामः- श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश पाठक।<br>अंचल सम्पत्तिः 1. बंधक सम्पत्ति भूमि और भवन स्थित पुराना आवास मकान नं0 8, वार्ड नं. 3, तहसील काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखंड क्षेत्रफल माप 191.49 वर्गमीटर। सीमाएँ निम्न प्रकार हैः- उत्तर- अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण- 9 मीटर चौड़ी रोड, पूर्व- मकान नं. 6, पश्चिम- मकान नं. 10, शीर्षक धारक का नामः- डा. तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक।<br>2. बंधक आवासीय फ्लैट स्थित खसरा नं. 112 मिन, अपार्टमेन्ट नं. ए- 404, सिद्धी ब्लॉक श्री गणपति अपार्टमेन्ट स्थित ग्राम गिन्नीखेड़ा, तहसील काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड क्षेत्रफल माप 991.40 वर्गफीट अर्थात् 92.14 वर्गमीटर जिसका सुपर माप 1242.83 वर्गफीट अर्थात् 115.50 वर्गमीटर। सीमाएँ निम्न प्रकार हैः-उत्तर- फ्लैट नं. 403, दक्षिण- फ्लैट नं. 405, पूर्व- खुला और भूतल पर पार्क, पश्चिम- आम रास्ता। शीर्षक धारक का नाम- श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश पाठक और डा. तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक | 28.02.2025 | 03.07.2025 | मैसर्स किसान ट्रैक्टर्स एंड इम्पीलीमेंट रु0 68,37,451.73 एवं मैसर्स यश ट्रेडर्स प्रो0 श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश पाठक रु0 27,92,752.30 श्री अजय पाठक पुत्र श्री बुद्धी प्रकाश एवं डॉ0 तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक (संयुक्त) रु0 46,77,946.52 एवं डॉ0 तुलिका पाठक पत्नी श्री अजय पाठक रु0 10,38,244.88 साथ में आगे का ब्याज और आकस्मिक व्यय और लागतें |
| 2. | शाखा: एआरएम II, नई दिल्ली<br>मैसर्स अमित ट्रेडर्स (ऋणी), पता 1:- कुंज विहार, वार्ड नं. 6, पोस्ट बदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड- 263152, पता 2- गुलरभोज रोड, ब्लॉक कॉलोनी के पीछे, वार्ड नं. 5, गदरपुर काशीपुर, उधम सिंह नगर उत्तराखंड- 263152, श्री अमित कुमार पुत्र श्री विनोद कुमार, (प्रोपराईटर ऋणी और बंधककर्ता), पता 1:- कुंज विहार, वार्ड नं. 6, पोस्ट बदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड- 263152, पता 2- गुलरभोज रोड, ब्लॉक कॉलोनी के पीछे, वार्ड नं. 5, गदरपुर काशीपुर, उधम सिंह नगर उत्तराखंड- 263152 | अचल सम्पत्तिः दृष्टिबंधक स्टॉक, शीर्षक धारक का नामः- मैसर्स अमित ट्रैडर्स।<br>चल सम्पत्तिः- बंधक आवासीय सम्पत्ति क्षेत्रफल माप 74.35 वर्गमीटर स्थित खतौनी नं. 00915, खसरा नं. 387 का मिन, ग्राम बाराखेडा, तहसील गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड रजिस्ट्रर्ड विक्रय विलेख नं. 2716, दिनांक 2024, सीमाएँ निम्न प्रकार हैः- उत्तर- अन्य व्यक्ति की भूमि, दक्षिण- राजू की भूमि, पूर्व- असलम की सम्पत्ति, पश्चिम- 16 फीट चौड़ा रास्ता। शीर्षक धारक का नामः- श्री अमित कुमार पुत्र श्री विनोद कुमार। | 06.03.2025 | 04.07.2025 | रु0 48,64,453.16 साथ में आगे का ब्याज और आकस्मिक व्यय और लागतें |

दिनांक: 08.07.2025 स्थानः नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# मुख्य कोषाधिकारी को राहत नहीं

## रिश्वत के मामले में हाईकोर्ट ने ज़मानत नहीं दी, सुनवाई आज भी होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस नैनीताल टीम के द्वारा 9 मई को नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व कोषागार के लेखाकार बसन्त जोशी की ओर से दायर जमानत अर्जियों पर सुनवाई की। मामलों की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने आरोपी दिनेश राणा को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई बुधवार (आज) को भी जारी रखी। बता दें कोर्ट ने मामले की जांच कर रहे आईओ को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं, क्योंकि बीते कल मुकदमा दर्ज हुए 60 दिन पूरे हो गए। उसी दिन चार्जशीट पेश कर दी गयी ताकि आरोपी को डिफॉल्ट बेल न मिल सके, वहीं मंगलवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने सरकार से पूछा कि शिकायत की जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज होगा या फिर शिकायत पर? सीबीआई व विजिलेंस दोनों जांच एजेंसियों का मुकदमा दर्ज करने की नियमावली अलग अलग कैसे हो सकती है? जबकि पूरे देश का कानून एक है तो दोनों जांच एजेंसियों का जांच करने के नियम अलग अलग कैसे? पहले मुकदमा दर्ज होगा फिर गिरफ्तारी होगी या पहले गिरफ्तारी होगी फिर मुकदमा दर्ज होगा? इसको



स्पष्ट करना आवश्यक है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि की उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है। जबकि सरकार की तरफ से कहा गया कि जब मामले की जांच हुई तो पाए गए नोटो पर एकाउंटेंट व मुख्य कोषाधिकारी के उंगलियों के निशान पाए गए। इसकी पुष्टि के लिये कांच के गिलास में पानी भरकर व सोडियम कार्बोनेट डाला गया। जिसमें आरोपियों हाथ धोए गए तो पानी का रंग गुलाबी हो गया। नोटों में भी आरोपियों के उंगलियों के निशान लगे हुए हैं। इसलिए उन्हें ट्रेप कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## भवाली पालिकाध्यक्ष को बड़ी राहत

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने भवाली नगर पालिका चेयरमैन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही चुनाव वाली याचिका पर अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ में कोर्ट ने विपक्षी प्रकाश चन्द्र आर्या को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई बुधवार की तिथि नियत की है। बता दें मंगलवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ में हुई। दरअसल कांग्रेस के उमीदवार पंकज आर्या ने निकाय चुनाव में बीजेपी के प्रकाश आर्या को 5 वोटों के अंत. राल से चुनाव में हरा दिया था। चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बीजेपी के प्रकाश आर्या ने जिला अदालत में चुनाव याचिका दाखिल कर उनके चुनाव को चुनाव याचिका दायर कर चुनोती दी। जो जिला अदालत में विचाराधीन है। इस याचिका में उनके द्वारा भी अपना प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि चुनाव याचिका में रिटर्निंग ऑफिसर को पक्षकार नही बनाया जा सकता। लेकिन जिला कोर्ट ने उनके प्रार्थना पत्र को खारीज कर दिया। जिसके खिलाफ उनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय वाद दायर किया गया। हुई सुनवाई पर कोर्ट ने चुनाव याचिका में चल रही प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए विपक्षी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं।

## ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर आज भी होगी सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने सुनवाई बुधवार (आज) भी जारी रखी है। बता दें मंगलवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ में हुई। पूर्व के आदेश पर आज सचिव आवास आर मीनाक्षी सुंदरम वर्चुअल माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि एमडीडीए के द्वारा अवैध निर्माण कारियों को नोटिस दिया गया है कि वे तय समय के भीतर अपना अवैध निर्माण को हटा लें। नहीं करने पर प्राधिकरण इसपर कार्यवाही करेगा। जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अग्रिम आदेश तक अतिक्रमणकारियों को राहत देते हुए मामले की अगली सुनवाई कल भी जारी रखी है। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि देहरादून के ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। मंसूरी देहराद. ून विकास प्राधिकरण ने इन अवैध निर्माणों सील किया था। लेकिन कुछ समय बाद विकास प्राधिकरण के एई ने उक्त सीलिंग से प्रतिबंध हटाकर अवैध निर्माण को कम्पाउंड करते हुए मानचित्र स्वीकृत कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि अवैध निर्माणों पर रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। याचिका में आगे यह भी कहा गया है कि अवैध निर्माण का कार्य ऋषिकेश में ही नही बल्कि देहरादून मंसूरी में भी चल रहा है।

## बरसाती नाले का डायवर्जन अधूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बरसात से पूर्व कार्य पूर्ण कराने के तमाम आश्वासन और निर्देशों के बावजूद दमुआढूंगा स्थित बनचौकी बरसाती नाले का डायवर्जन कार्य अभी तक आधा-अधूरा पड़ा है। खुदाई कार्य के कारण वहां स्थित तीन यूकेलिप्टस पेड़ कभी भी गिर सकते हैं, जिससे खतरा और बढ़ सकता है। इसके अलावा, नाले से लिंक मार्ग पर आवाजाही में भी कठिनाई बनी हुई है। सोमवार रात की बारिश के बाद सर्वोदय कालोनी में नाले का पानी घुसने से स्थानीय निवासी दहशत में आ गए। मंगलवार को जलभराव से प्रभावित लोगों की बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि चार दिन पहले डीएम द्वारा कार्य की प्रगति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिए गए निर्देशों का पालन नहीं हुआ है। बैठक में बनचौकी के जलभराव प्रभावितों को सम्बोधित करते हुए पार्षद नवीन जोशी ने कहा कि डीएम ने खुद निरीक्षण करने के बाद पेड़ों को तत्काल काटने और सुरक्षा इंतजाम करने का आदेश दिया था, लेकिन उनके आदेशों का पालन नहीं हुआ और काम भी धीमी गति से चल रहा है। संबंधित अधिकारियों से त्वरित समाधान की मांग करते हुए तय किया गया कि देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष, रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट ऑफिसर रमेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में बुधवार को सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की जाएगी। यदि शीघ्र समाधान नहीं होता, तो आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है। इस अवसर पर रमेश चंद्र पांडे, बालम सिंह, अनुज सिराड़ी, बहादुर सिंह हरड़िया, विक्रम सिंह, चंदन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### पाषाण देवी मंदिर में अनुष्ठान 10 को

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित मां पाषाण देवी मंदिर में 10 जुलाई को पूर्णिमा के दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया कि 10 जुलाई पूर्णिमा के दिन प्रात:काल गणेश पूजन तथा देवी पूजन तथा 11 बजे देवी हवन किया जाएगा। अपराह्न 11 बजे के बाद सुंदरकांड का पाठ के पश्चात आरती और अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही बताया कि हर शनिवार को शाम 6 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 368वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत आज उनके नेतृत्व में पिथौरागढ़ के पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व में रोपित किए गए पौधों का भी संरक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सभी का आवाहन किया कि वर्तमान मौसम को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जाए।

### खेल मैदान में कार दौड़ाना महंगा पड़ गया

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित खेल मैदान में कार दौड़ाना और कार ड्रिफ्ट करना दो कार चालकों को महंगा पड़ गया। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने दोनों कार चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में मल्लीताल खेल मैदान में पर्यटक दो कारों को दौड़ाते हुए वीडियो शूट कर रहे थे। साथ ही कार से ड्रिफ्ट ककर रहे थे। जिसकी वीडियो बनाकर लोगों ने एसडीएम व अन्य अधिकारियों को भेज दी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए वाहनो को कबजे में ले लिया। जिस पर वाहन स्वामी पुलिस से भिड़ने लगे। जिस पर पुलिस ने बताया कि खेल मैदान में वाहन चलाना प्रतिबंधित है। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि खेल मैदान में गाड़ी दौड़ाने व ड्रिफ्ट करने पर दिल्ली निवासी शौरभ आहूजा व चौखुटिया अल्मोड़ा निवासी दिनेश किरौला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों वाहन सीज कर दिए हैं।

### ऊर्जा निगम के कार्यालय में घुसा सांप

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र स्थित उर्जा निगम कार्यालय में सांप घुसने से लोगों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों की सूचना के बाद पहुंची वन विभाग ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है। मंगलवार को तल्लीताल जिला पंचायत मार्ग में स्थित ऊर्जा निगम के कार्यालय में अचानक सांप दिखने से भगदड़ मच गई। कर्मचारियों की सूचना पर वन विभाग के स्नेक कैचर निमिष दानू टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने सांप का सफलतापूर्वक रेसकयू किया। रेंजर आंनद राम टम्टा ने बताया कि सांप धामिन प्रजाति का था जिसे जंगल में छोड़ दिया गया है।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग की टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने पर 140 वाहनों के चालान किये और ऑटो, ई रिक्शा, पिकअप तथा एक टैक्सी सहित कुल 9 वाहनों को सीज किया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी गोविंद सिंह, अपराजिता पांडे, अनुभा आर्य, परिवहन निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल, नंदन रावत ने जिले के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान संचालित किया जिसमें ट्रक, बस, टैक्सी, मैक्सी, ऑटो, ई रिक्शा, टैक्सी बाइक, कार आदि वाहनों के विरुद्ध टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, एसओपी का अनुपालन न करना, हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, नो पार्किंग आदि के अभियोग में प्रवर्तन की कार्रवाई की। हल्द्वानी में प्रवर्तन कार्रवाई नरीमन चौक, निर्मला, सेंट थरेसा, नैनी वैली, बीरशिवा के आसपास व कालाढूंगी मार्ग पर की गयी। हल्द्वानी क्षेत्र में 27 ई-रिक्शा ऑटो वाहनों के चालकों के द्वारा यूनिफॉर्म न पहनने तथा नैनीताल क्षेत्र में 20 वाहनों के चालान नो पार्किंग के अभियोग में किये गये।

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए मॉकड्रिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आतंकवाद संबंधी घटनाओं से प्रभावी रूप से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना जीआरपी काठगोदाम की और से बुधवार को रेलवे स्टेशन काठगोदाम में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी घटना की स्थिति में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इस मॉक ड्रिल में जीआरपी काठगोदाम के साथ रेलवे सुरक्षा बल, बीडीएस (बम निष्क्रिय दस्ता), एंटी टेरर स्क्वाड (एटीएस), फायर सर्विस, स्थानीय पुलिस और चिकित्सा विभाग सहित सभी आवश्यक एजेंसियां प्रतिभाग करेंगी।

# बारिश ने मानसून की तैयारियों की पोल खोल दी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल में मंगलवार को हुई बारिश ने प्रशासन की मानसून तैयारियों की पोल खुल गई। मल्लीताल में बारिश के दौरान मस्जिद के सामने सड़क जलमग्न हुई तो समीपवर्ती रेस्टोरेंट में पानी भर गया। बता दें कि मंगलवार को नैनीताल में दोपहर को तीन घण्टे हुई लगातार बारिश ने लोगों को डरा दिया। बारिश के दौरान नाले उफान पर नजर आए। तो वहीं नालियों का पानी सड़कों पर नजर आया। वहीं मल्लीताल मस्जिद के समीप नाले में कूड़ा जमा होने के चलते सड़क जलमग्न हो गई। जिसके बाद पानी सीढ़ियों व दीवार से बहते हुए खेल मैदान में उतर गया। इस दौरान सीढ़ियों से उतरा पानी नीचे रेस्टोरेंट व दुकान में घुस गया। जिसके चलते लोगों को फजीहत का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोगों ने नाले के मुहाने से कूड़ा हटाया तो पानी की निकासी हुई। बारिश के दौरान शहर के सीवर लाइन में पानी चलने के कारण कई सीवर होल के ढक्कन उपर उठ गए। जलभराव की सूचना पर एसडीएम नवाजिश खलीक ने लोनिवि व पालिका की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान सड़क पर जल भराव हुआ था। मस्जिद तिराहे वाली नाली से निकासी नहीं हो पाई। जिससे पानी सड़क की ओर आ गया। विभागों को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## एसबीआई ने सीएसआर फंड से कुविवि को सोलर लाइट दीं

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को 50 सोलर लाइट का दान किया जिसका उपयोग उनके डीएसबी कैंपस नैनीताल तथा भीमताल परिसर एवं प्रशासनिक भवन परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कुमाऊं विश्वविद्यालय भवन में किया गया जिसमें मुखय अतिथि रजिस्ट्रार डा. मंगल सिंह मंद्रवाल सहित विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद थे। भारतीय स्टेट बैंक की ओर से उप महाप्रबंधक राजीव रंजन, सहायक महाप्रबंधक दिव्या त्रिपाठी सहित नैनीताल शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रवीन अरोड़ा उपस्थित हुए। कुमाऊं विश्वविद्यालय ने बैंक के इस प्रयास की सराहना की और धन्यवाद दिया।



## जमरानी बांधः डूब प्रभावितों का फिर होगा सर्वे

### पिछली बार सर्वे से वंचित रहे परिवारों पर रहेगा इस बार विशेष फोकस

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले प्रभावितों को लेकर एक बार फिर से पुनर्विचार किया जाएगा। इस बार फोकस विशेष रूप से उन लोगों पर रहेगा जो पहले हुए सर्वेक्षण में किसी कारणवश छूट गए थे। इन छूटे हुए परिवारों और व्यक्तियों के नामों की पुन: जांच के लिए प्रशासन ने एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। बता दें कि मंगलवार को अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी ने जमरानी सिंचाई विभाग अधिकारियों के साथ बैठक कर कमेटी गठित करी जिसमें एसडीएम नैनीताल तथा तहसीलदार और जमरानी सिंचाई खंड के अधिक. ारी शामिल हैं। यह कमेटी गांव-गांव जाकर भौतिक सत्यापन करेगी और



उन सभी मामलों की जांच करेगी जहां से शिकायतें मिली हैं कि वास्तविक प्रभावितों को पूर्व सूची में शामिल नहीं किया गया। अपर जिला. धिकारी शैलेन्द्र नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि कई ग्रामीणों की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि वे बांध के डूब क्षेत्र में आते हैं लेकिन पहले सर्वे में उनका नाम नहीं जोड़ा गया। इसलिए यह तय किया गया है कि एक विशेष सत्यापन कमेटी बनाकर पुन: सर्वेक्षण कराया जाए ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पारदर्शिता के साथ न्यायपूर्ण ढंग से पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया को पूरा किया जाए। जो भी व्यक्ति भौतिक सत्यापन में पात्र पाए जाएंगेए उन्हें सूची में शामिल कर उन्हें नियमानुसार लाभ दिया जाएगा। जमरानी क्षेत्र के करीब 25 स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सत्यापन का कार्य समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। पिछले सर्वेक्षण में टीम जब गांव पहुंची थी, उस समय कुछ लोग बाहर काम पर थे। बताते चले कि जमरानी बांध परियोजना कुमाऊं क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण योजना है जिससे हल्द्वानीए रुद्रपुर समेत पहाड़ क्षेत्रों को पेयजल और सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इस दौरान जमरानी सिंचाई विभाग केउप महाप्रबंधक ललित कुमार बिष्ट, परियोजना प्रबंधक हिमांशु पंत तथा उप राजस्व अधिकारी सीएस कांडपाल तथा जिलेदार सुभाष तिवारी मौजूद रहे।

## धारी में वृक्षारोपण शिविर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**धारी।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), मुक्तेश्वर और रोटरी क्लब मुक्तेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में डा. वाईपीएस मालिक (संयुक्त निद. ेशक, आईवीआरआई, मुक्तेश्वर) ने इस अभियान की शुरुआत की। शि. विर में संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी और गैर-तकनीकी कर्मचारियों के साथ-साथ रोटरी क्लब मुक्तेश्वर के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में कुल 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया, जिनमें मुख्य रूप से देवदार के पौधे लगाए गए। रोटरी क्लब मुक्तेश्वर के सदस्यों, रोटेरियन डा. पुतान सिंह, रोटेरियन केएस खेड़ा और अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों को पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति सजग रहने का संद. ेश दिया। शिविर का संचालन डा. नितीश सिंह खड़ायत, आशुतोष फुलार और डा. निधि शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



### स्कूटी कार से टकराई

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित भवाली रोड पर अनियंत्रित स्कूटी रपटकर कर कार से टकरा गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को तल्लीताल निवासी कृष्णा कुमार अपनी स्कूटी यूके 04 टीबी 7812 से डांठ से भवाली की ओर जा रहा था। अचानक उसकी स्कूटी अनियंत्रित हुई और सड़क पर जा रपटी। इस दौरान उसकी स्कूटी भवाली से नैनीताल को आती पंजाब निवासी गुरप्रीत कौर की कार संख्या पीबी 65 बीएच 6537 से टकरा गई। कार और स्कूटी की भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके बाद दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। इस दौरान यातायात अव्यवस्थित हुआ तो चीता कांस्टेबल अमित गहलोत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो गलती स्कूटी सवार की निकली।

## हिप रिप्लेसमेंट शताब्दी की सबसे सफल सर्जरी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तरांचल ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन की ओर से स्थानीय होटल हयात सेंट्रिक में हिप ट्रांसप्लांट पर आधारित एक संगोष्ठी एक आयोजित की गई। सगोष्ठी का उद्घाटन एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री डा. बीकेएस संजय वर्तमान अध्यक्ष डा. एसएन सिंह एवं आयोजन सचिव डा. गौरव गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उत्तरांचल ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री गिनीज रिकॉर्ड होल्डर प्रो डा. बीकेएस संजय ने प्रतिष्ठित अंत. रराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लांसेट का हवाला देते हुए कहा कि हिप रिप्लेसमेंट शताब्दी की सबसे सफल सर्जरी है। द लांसेट एक उच्च स्तर की अंतरराष्ट्रीय साप्ताहिक



मेडिकल पत्रिका है, जो अपने शोध. ापत्रों के लिए कड़े मानक निर्धारित करती है। कहा कि बोन सीमेंट के अविष्कार और सर जॉन चार्नली की लोफिशन आर्थोप्लास्टी के विकास के बाद से टोटल हिप रिप्लेसमेंट आज क्लिनिकल दुनिया में एक सामान्य और अत्यधिक प्रभावी सर्जरी बन गई है। हालांकि भारत में यह सर्जरी विकसित देशों की तुलना में उतनी आम नहीं है। जब भी किसी मरीज को हिप रिप्लेसमेंट की सलाह दी जाती है तो उनका पहला और महत्वपूर्ण सवाल होता है हिप रिप्लेसमेंट कितने साल चलेगा, यह सवाल मरीज और सर्जन दोनों के लिए अहम होता है कयोंकि यह दीर्घकालिक परिणामों और मरीज की संतुष्टि को प्रभावित करता है। पद्मश्री डा. संजय ने कहा कि अब तक 25 से 25 वर्षों तक हिप रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक चलने का अनुभव हो चुका है। उन्होंने जानक. ारी दी कि एक उल्लेखनीय केस से यह भी ज्ञात हुआ कि मोल्ड हिप रिप्लेसमेंट वर्षों तक चला। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि कुछ मामलों में हिप रिप्लेसमेंट आजीवन टिक सकता है और मरीज भारतीय समाज की सामान्य आवश्यकताओं जैसे पालथी लगाना और स्क्वाट करना भी कर सकते हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि अगर 1950 के दशक की मोल्ड आथ्रोप्लास्टी 65 साल तक चल सकती हैए तो आज की आधुनिक टीएचआर जीवनभर कयों नहीं चल सकती, आजकल के इप्लांट मैटेरियल व डिजाइन और सर्जिकल तकनीकें काफी उन्नत हो चुकी हैं। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के अन्य विशेषज्ञ जैसे डा. एसएस मोहंती, डा. विजय कुमार, डा. बीएस मूर्ति, डा. मुदित खन्ना, डा. गौरव गुप्ता, डा. प्रवीण और डा. हेमांशु कोचर सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

## गीता तिवारी ने अपने पक्ष में वोट मांगे



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कोटाबाग।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया के तहत शनिवार को नामांकन प्रकिया समाप्त होने के बाद अब क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों ने जनसंपर्क तेज कर अपने अपने पक्ष में माहौल बनाने के जोर आजमाइश शुरू कर दी है। इसके तहत नाथूनगर से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए गीता तिवारी ने अपना चुनावी जनसंपर्क तेज कर दिया है। अपने दर्जनों समर्थकों के साथ उन्होंने नाथूनगर क्षेत्र में घर घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा अगर जनता उन पर विश्वास जता कर उनको विजय बनाती है तो वह क्षेत्र की हर समस्या को दूर करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा वह दो बार नया पांडे गांव से दो बार ग्राम प्रधान रही हैं वहीं एक बार उनके पति उमेश तिवारी भी ग्राम प्रधान रहे हैं और इस बार भी उनके पति नया पांडे गांव से ग्राम प्रधान पद पर चुनाव लड़ रहे हैं वह व उनके पति लंबे समय से जनता की सेवा कर रहे जिसका लाभ उनको मिल रहा है। उनको उम्मीद है जनता उनको उनकी मेहनत का फल उनको विजय बनाकर देगी। उन्होंने कहा कि अगर वह विजय होते हैं तो वह ब्लॉक प्रमुख की प्रमुखता से दावेदारी करेगी और ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद संपूर्ण ब्लॉक क्षेत्र का चंहुमुखी विकास करेंगे।

# अपहरण के बाद नाबालिग से दुष्कर्म, किशोरी ने अपने हाथ की नस काटी

## किशोरी अस्पताल में भर्ती, बनभूलपुरा थाना क्षेत्र की घटना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते रविवार, जिस दिन मुहर्रम था, खरीददारी करने बाजार को गयी नाबलिग किशोरी को एक युवक ने पहले उसका अपहरण किया फिर उसके साथ दुष्कर्म। इस घटना ने आहत किशोरी ने अपने हाथ की नस काट कर अपनी जान देने की कोशिश की। आनन फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता से पूछताछ की, लेकिन वह कुछ भी बोलने से बच रही है। शक है कि घटना को किसी जानने वाले ने ही अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा निवासी पीड़िता के भाई ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीते 6 जुलाई मोहर्रम के रोज उसकी बहन घर से बाजार में कुछ खरीदारी करने गयी हुई थी। आरोप है कि इसी बीच किसी युवक ने उसे नशा सुंघा दिया और अर्द्ध बेहोशी की हालत में उसे अपने साथ ले गया। इतना ही नहीं युवक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और जब पीड़िता बेहा. ेशी से उबरी तो अवसाद में आकर उसने अपने हाथ की नस काट कर अपनी जान देन की कोशिश की। आननफानन में परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे बेस अस्पताल में भर्ती कराया। जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो वह पूछताछ के लिए पीड़िता के पास पहुंची, लेकिन पीड़िता ने घटना के बारे में युवक की पहचान के बाबत कुछ भी बताने से गुरेज किया। हालांकि पुलिस को शक है कि घटना को किसी करीबी ने ही अंजाम दिया है। इधर प्रभारी बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करा दिया गया है, लेकिन वह बयान देने से बच रही है। तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी।




## मीना को बुजुर्गो का आशीर्वाद



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** आंवलाकोट से ग्राम प्रधान की युवा प्रत्याशी एडवोकेट मीना ढौंढियाल उपाध्याय ने जनसंपर्क किया। सोमवार को प्रधान पद की प्रत्याशी मीना ने चुनाव प्रचार किया। उन्होंने इस दौरान बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने चुनावी मुद्दों को जनता के सामने रखते हुए कहा कि जितने के बाद उनका प्रयास रहेगा कि जनता को मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, स्वास्थ, शिक्षा पूर्ण रूप से मिले। उनका प्रयास रहेगा कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने कहा वह व उनका परिवार हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। क्षेत्रीय जनता का उनको भरपूर समर्थन मिल रहा है हमें उम्मीद है कि जनता हम पर विश्वास करके विजय बनाएगी हम भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। इस दौरान उनके साथ उनके पति रवि उपाध्याय सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### खेल विशेष

## अंतर्राष्ट्रीय अफगान अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन



**काबुल, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन हो गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय शोक में डूब गया है। आईसीसी के अंतर्राष्ट्रीय अंपायर पैनल के सदस्य, शिनवारी ने 25 वनडे और 21 टी-20 मैचों में अंपायरिंग की, उन्होंने दिसंबर 2017 में शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच एकदिवसीय मैच की देखरेख करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट की। ''एसीबी के नेतृत्व, कर्मचारी और पूरा अफगानअटलान परिवार अफगानिस्तान के एलीट अंपायरिंग पैनल के सम्मानित सदस्य बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से बहुत स्तब्ध और दुखी है। हम बहुत दुख के साथ शिनवारी के बीमारी के बाद निधन की खबर साझा कर रहे हैं। बिस्मिल्लाह जान अफगान क्रिकेट के महान सेवक थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनके परिवार, दोस्तों और पूरे अफगान क्रिकेट बिरादरी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बिस्मिल्लाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कह कि 'खेल में उनका योगदान बहुत बड़ा था और क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा। हम इस नुकसान से बहुत दुखी हैं और उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारत को लॉर्ड्स में तेजी और उछाल से मात देने को बेताब इंग्लैंड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इस मैच में जोप्रफा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबा. जी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैकुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो। उन्होंने कह कि यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। 2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था, लेकिन चार साल पहले टीम ने यहां पर एक रोमांचक टेस्ट मैच भी जीता था। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है।

उनके कप्तान शुभमन गिल ने कह कि देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी। आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और

**● ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबेस्टन में तैयार की गई पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया**

धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। को. हनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। मैकुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कह कि 'वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मज़बूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं और वह चयन के दायरे में होंगे। यह हमारे लिए एक उत्साहजनक खबर है। वह टीम के साथ रहकर काफी खुश हैं और उनका टीम के साथ होना शानदार है।




## भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में शानदार प्रदर्शन

**● भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई।

भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया। रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की। कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता। महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है।

# सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



**● दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी-20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी-20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गें. दबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुक. ाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी-20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गें. दबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।

भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्द्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं। दोनों ने इंग्लैंड की जीत में मदद करने के लिए अच्छे समय में शुरुआती विकेट के लिए 137 रन जोड़े, जिसके परिणामस्वरूप वायट-हॉज टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई।

डंकले चार स्थान की बढ़त के साथ उसी सूची में 26वें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को भी कुछ लाभ हुआ है।

## जिम्बाब्वे खिलाड़ी पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में द. अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना द. अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन- डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी। घटना के आधार पर, मैटिगिमु को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में ब्रंट करेगी इंग्लैंड की कप्तानी

**● नैट सिवर ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं**

**लंदन, वार्ता।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी।

हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी-20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। टी-20 सीरीज में अब तक भारतीय टीम ने इंग्लैंड टीम को काफी परेशानी में डाला है। भारत पहले दो मैच जीतकर इस समय पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि द ओवल में खेले गए तीसरे मैच में नियमित कप्तान सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड ने भारत को एक करीबी मुक़ाबले में शिकस्त दी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसका आग़ाज़ 16 जुलाई को साउथम्पटन में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 19 जुलाई को लॉर्ड्स और जबकि अंतिम मैच 22 जुलाई को चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेला जाएगा।

**इंग्लैंड टीम:** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम आरलट, टैमी, लॉरेन बेल, माइया बाउचर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविड्सन, चार्ली, सोफिया, सोफी, लॉरेन, एमी, एमा लैंब, लिंसी स्मिथ।

## सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर, रिजवान और शाहीन शाह टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर टी-20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है। तेज



गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में एमएलसी 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

**पाक टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल, अब्बास अफरीदी, हारिस, मोहम्मद नवाज, फरहान, अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

# सिनर, स्वियाटेक और बेन शेल्टर विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में

**● हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**लंदन, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर, नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और बेन शेल्टन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जब ग्रिगोर दिमित्रोव को दो सेट से आगे होने के बावजूद मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। यह ड्रामा पहले ही गेम में शुरू हो गया, जब शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर नियमित स्लाइड के दौरान फिसल गए और उनकी कोहनी में चोट लग गई। हालांकि उन्होंने खेलना जारी रखा, लेकिन उनकी खास सर्विस लय ने उनका साथ छोड़ दिया और मैच जल्दी ही दिमित्रोव के पक्ष में झुक गया। बुल्गारियाई खिलाड़ी ने बढ़त हासिल की, पहले दो सेटों में जीत हासिल की और 2014 के बाद से अपने पहले विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार दिखाई दिए। लेकिन जैसे ही दिमित्रोव एक प्रसिद्ध जीत के करीब पहुंचे, आपदा आ गई। तीसरे सेट में 2-2 की बराबरी पर, नंबर 19 सीड खिलाड़ी ने अचानक अपने दाहिने पेक्टोरल मसल को जकड़ लिया और दर्द से कराहते हुए घास पर गिर पड़ा। हालांकि उसने अभी-अभी सर्विस की थी, लेकिन वह लगभग रोने लगा था। उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि वह आगे नहीं खेल सकता। अपनी सर्विसिंग आर्म को मुश्किल से उठा पाने के कारण, दिमित्रोव को रिटायर होना पड़ा, ग्रैंड स्लैम में यह उसका लगातार पांचवां मध्य-मैच रिटायरमेंट था। मैच की शुरुआत बहुत ही जोश के साथ हुई थी, क्योंकि दिमित्रोव ने छह मिनट के शुरुआती गेम में सर्विस को बरकरार रखा। सिनर, जिनकी सर्विस पहले तीन राउंड में 36 सर्विस गेम तक बिना टूटे रही, ने तुरंत ही परेशानी के लक्षण दिखाए। दूसरे सेट की शुरुआत में, उन्होंने पहले आठ अंक गंवा दिए और 2-3 पर मेडिकल टाइमआउट की जरूरत पड़ी। एक दर्द निवारक और मालिश ने कुछ समय के लिए मदद की, लेकिन दिमित्रोव ने अपना दबदबा बनाए रखा।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में अंकित ने 86 किलो भार-वर्ग में जीता रजत पदक

**सोनीपत, वार्ता।** ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के सोनीपत के लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अंकित दहिया ने 86 किलो भारवर्ग में खेलते हुए भारत के लिए रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रो. हतास कुमार ने बताया कि अंकित दहिया ने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में कनाडा के टेलर बेयर्ड को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मैक्सिको के जेवियर अलेजांद्रो को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीतकर अपने देश व एकेडमी का नाम रोशन किया। अंकित दहिया ने इससे पहले लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया हैं।

# मैं जोकोविच-अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा: विराट

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे।

विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कह कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं। यदि महानतम नहीं हैं - सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह फाइनल में कार्लोस से खेलेंगे और जीतेंगे। विराट कोहली ने विंबलडन में भाग लेने के अपने पहले अनुभव पर कहा कि यहां फिर से आना बहुत अच्छा लग रहा है। अनुष्का और मैं 2015 में आए थे। यह शानदार सेंटर कोर्ट में होने का हमारा पहला अनुभव था।



**● नोवाक निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में है**

# युवा खिलाड़ियों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की धोनी की क्षमता वाकई खास है: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** 7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' नामक नए शो में, जियोहॉटस्टार ने क्रिकेटरों और विशेषज्ञों, जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा, जोस बटलर, मैथ्यू हेडन, संजय मांजरेकर और आकाश चोपड़ा से दिल को छू लेने वाले किस्से और दुर्लभ जानकारियां साझा कीं। उन्होंने अपने अनुभव, अविस्मरणीय पल और खेल और अपने जीवन पर धोनी के स्थायी प्रभाव को साझा किया।

जियो हॉटस्टार के विशेष शो '7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' पर विशेष रूप से बोलते हुए, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 के दौरान एमएस धोनी की शांत उपस्थिति और स्थायी नेतृत्व पर विचार किया। विराट ने कहा कि उनका सबसे बड़ा कौशल सबसे कठिन क्षणों में अपना संयम बनाए रखना है। यही कारण है कि वह इतने अच्छे हैं, क्योंकि वह दबाव में सही निर्णय लेने में सक्षम हैं। वह हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आने देते हैं, जहां वह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। जब मैं भारतीय टीम में आया, तो वह मेरे कप्तान थे और वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे। धोनी के स्थायी प्रभाव पर, भारत के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 के दौरान ड्रेसिंग रूम में एमएसडी की मौजूदगी के बारे में बात की। रोहित ने कहा कि मेरे अपने दृष्टिकोण से, 2007 में, मैंने वास्तव में उनके नेतृत्व में अपना विश्व कप डेब्यू किया था। तब से, हमारा सफर बहुत लंबा रहा और हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला। युवाओं से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की उनकी क्षमता, चाहे खेल की स्थिति हो या खिलाड़ी का प्रदर्शन, वास्तव में कुछ खास है। वह हमेशा एक खिलाड़ी के आसपास एक शांत माहौल बनाने की को. शिश करते हैं, ताकि वे असुरक्षित महसूस न करें। मेरा मानना है कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण गुण है। इंग्लैंड के पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर ने 2019 में विश्व कप के दौरान धोनी की जमकर तारीफ की बटलर ने कहा,ह्एक साथी विकेटकीपर के रूप में, वह मेरे लिए एक आदर्श रहे हैं। मिस्टर कूल। मुझे हमेशा मैदान पर उनका व्यक्तित्व पसंद रहा है( जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह बहुत शांत और नियंत्रण में दिखते हैं। स्टंप के पीछे उनके हाथ बिजली की तरह तेज हैं, और उन्हें खेल को गहराई तक ले जाना पसंद है।



**● माही हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आपने देते हैं, जहां वह महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं**

# कांवड़ यात्रा : खाद्य विभाग ने खंगाले होटल-ढाबे

## दो ढाबों व एक होटल पर जांच में सड़ी-गली सब्जियां मिली, ठेलियों पर भी की गई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** खाद्य विभाग ने कांवड़ यात्रा को लेकर हाईवे के होटल ढाबे और खाने की ठेलियों को खंगाल डाला। जांच में काफी जगहों पर खामियां मिलने पर संचालकों को फटकार गया। 6 लीटर एक्सपायरी दूध, 10 किलो सड़ी गली सब्जियां, 5 किलो खुले मसाले और 11 दूध के पैकेट नष्ट किए गए। छापेमारी से हाईवे के होटल, ढाबे भोजनालय और खाने की ठेली वालों में अफरातफरी मची रही।

प्रदेश की धार्मिक कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। जिसको लेकर पुलिस-प्रशासन ने भी यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर ली है। वहीं दूसरी ओर खाद्य विभाग ने भी शिवभक्तों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए होटल, ढाबे, भोजनालय और खाने की ठेलियों को चेक करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा उपायुक्त गढ़वाल मंडल के आरएस रावत के निर्देशों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र पांडे, दिलीप जैन, कैलाश चंद्र टम्टा और पवन कुमार ने पतंजलि योग पीठ से नारसन बॉर्डर तक 22 ढाबे, भोजनालय, होटल और अस्थाई



खाद्य स्टोलों का निरीक्षण किया। जहां लहरी पंजाबी ढाबे से खुला पनीर का नमूना लिया गया। जबकि अस्वास्थ्य कर परिस्थितियों में भोजन निर्माण करने पर ढाबा स्वामी को नोटिस जारी किया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि चौधरी ढाबे पर 6 लीटर दूध एक्सपायर मिला है और बिना फूड लाइसेंस के कारोबार करने पर मुकदमा लिखा जा रहा है। जबकि निरीक्षण में 10 किलो सड़ी गली सब्जियां, 5 किलो खुले मसाले, 11 दूध के पैकेट नष्ट किए गए। निरीक्षण में बिना लाइसेंस के ढाबा चलाने पर भोजनालय और अस्वास्थ्य कर परिस्थितियों में पिज्जा निर्माण करने पर बटर जॉन पिज्जा लक्सर के विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई की जा रही है। जबकि सभी खाद्य संचालकों को ढक्कन नियुक्त डस्टबिन का प्रयोग करने, फूड लाइसेंस को प्रदर्शित करने और रेट लिस्ट चस्पा करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। ताबड़तोड़ छापेमारी से कई घंटे तक खाने पीने की चीजों का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा रहा। कई जगहों पर अधिकारियों ने गंदगी और साफ सफाई नहीं होने पर होटल, ढाबा स्वामियों को भी जमकर हड़काया। जबकि जिन होटल, ढाबे और ठेली पर कार्रवाई हुई है उन्होंने मामले को रफा दफा करने के लिए भी काफी मिन्नतें की। लेकिन जिला खाद्य विभाग ने कोई भी नरमी नहीं बरती। कहा कि यदि कहीं पर भी कोई खामियां या लापरवाही मिलती है तो कड़ी कार्रवाई निश्चित है।

# मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** बंद मकान पर धावा बोलकर चोरों ने लाखों रुपये का माल समेट लिया। मकान मालिक को घर पहुंचने पर चोरी की घटना के बारे में उन्हें पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर चोरों के बारे में पता लगाने की कोशिश शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के चौधरी मार्केट चंद्रसेन चौक रोड गणेशपुर निवासी अभिषेक पवार के घर से तीस हजार रुपये, चार तोला सोना और 24 तोला चांदी चोरी है। जिसके बाद उन्होंने आसपास जांच पड़ताल की तो उन्हें पता चला कि सीढ़ी की मदद से कर छत के रास्ते मकान के अंदर चोर दाखिल हुए थे। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि जिस तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। यह प्रोफेशनल अपराधियों का काम लगता है। पुराने अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है। आसपास के सीसीटीवी भी पुलिस देख रही है।

**नशामुक्ति केंद्र कर्मचारी पर मुकदमा**

**रुड़की।** नशामुक्ति केंद्र में मरीज की मौत के मामले में पुलिस ने परिजनों की शिकायात पर नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने केंद्र के सीसीटीवी कैमरे की वीडियो को भी जांच के लिए कब्जे में लिया है।

# ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वही पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले में शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कह रही है।

सहारनपुर यूपी के नागल थाना क्षेत्र के रणमलपुर गांव निवासी लवकुश पुत्र ऋषिपाल मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में अपनी मौसी के यहां रहता है। जो लंढौरा स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार देर रात लवकुश अपने मित्र विपिन के साथ बाइक पर फैक्ट्री से वापस गोपालपुर लौट रहा था। जैसे ही वह लंढौरा के पास पहुंचे तो लक्सर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की 24 वर्षीय लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से विपिन को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेने के बाद घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। मंगलवार को पीएम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया है। वही चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति लिव मंगलौर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीशू राठी, उपाध्यक्ष विनोद व संचालकों ने ली पद की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति लिव मंगलौर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीशू राठी एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष विनोद कुमार एवं नवनिर्वाचित संचालक

**❖जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगी व किसानों की समस्याओं को जिम्मेदारी से हल करूंगी : नीशू**

अनुराग राठी, पवन सैनी, बीरबाला, सरोज देवी एवं अंगूरी देवी ने भव्य कार्यक्रम में मंगलौर स्थित एक बैंकेट हाल में पद की शपथ ली, सहायक गन्ना आयुक्त कपिल मोहन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीशू राठी को शपथ दिलाई,उसके बाद अध्यक्ष नीशू राठी ने उपाध्यक्ष एवं संचालकों को शपथ दिलाई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानन्द ने कहा कि गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी प्रदेश की अग्रणी समिति है जो गन्ना किसानों के हित में निरन्तर कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार किसान हित में बड़े फैसले ले रही है, गन्ना किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी, उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने विश्वास जताकर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी नीशू राठी को



अध्यक्ष बनाकर एक संदेश दिया है कि ग्रामीण अंचल में भाजपा कितनी मजबूत है, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीशू राठी ने कहा कि जो विश्वास भाजपा और क्षेत्र की जनता ने मुझ पर जताया है मैं उस पर ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करुँगी और गन्ना किसानों की समस्याओं का समाधान करूंगी, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ मधु सिंह, विधायक प्रदीप बत्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कविंद्र चौधरी, पूर्व प्रत्याशी राजपाल सिंह, वरिष्ठ सहकार सुशील राठी, ज्वालापुर गन्ना समिति की अध्यक्ष ममता देवी, इकबालपुर गन्ना समिति के अध्यक्ष सुंदर सैनी, दिनेश पवार, पूर्व अध्यक्ष मास्टर नागेंद्र, मंडल अध्यक्ष शोभित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह, सूर्यवीर मलिक बृजपाल सिंह, आदित्य बृजवाल, अतुल शर्मा, पंकज कुमार, मुनसब राणा, सुरेंद्र सिंह, रश्मि चौधरी, मांगेराम सिरोही, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार, सचिव प्रभारी अनंत सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान एवं डेलीगेट उपस्थित रहे।

# झबरेड़ा नगर पंचायत ने सड़कों से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत झबरेड़ा बस अड्डा अमर जवान चौक से लेकर शिव चौक तक पुलिस तथा नगर पंचायत कर्मचारी द्वारा सड़क के दोनों और दुकानदारों तथा फल ठेली वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार तथा फल ठेली वालो के चालान भी काटे गए। कावड़ यात्रा को स कुशल तथा शाँतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर कस्बे से होकर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर दुकानदारों तथा फल ठेली वालों द्वारा सड़क मार्ग के दोनों और किए गए अतिक्रमण को को पुलिस तथा नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा हटवाया गया। थानाध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि कावड़ यात्रा के दौरान कस्बे से होकर जाने वाले कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो सड़क के दोनों ओर से दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटवाया गया है साथ-साथ अतिक्रमण करने वाले 16 दुकानदारों के चालान भी काटे गए हैं। दुकानदारों को सख्त लहजे में चेतावनी भी दी गई है कि कावड़ यात्रा चलने तक किसी भी दुकानदार द्वारा सड़क पर सामान रखा गया तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कुछ दुकानदारों द्वारा सामान सड़क पर निकालने के कारण उनका सामान भी नगर पंचायत झबरेड़ा से आई ट्रैक्टर ट्राली में पुलिस कर्मियों द्वारा डालकर थाने ले जाया गया। अतिक्रमण हटाने वाली टीम में थानाध्यक्ष अजय सिंह नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह मुकेश कुमार रणवीर सिंह जुल्फान अली ओमपाल सिंह तरुण कुमार आदि शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित

**मंगलौर।** नारसन ब्लॉक मुख्यालय पर हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के तत्वाधान में ब्लॉक मुख्यालय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही। इस दौरान प्रदेश मंत्री रूबी त्यागी ने बताया कि संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री के आदेश अनुसार नारसन ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक उपाध्यक्ष ,कोषाध्यक्ष ,ब्लॉक संरक्षक, ब्लॉक सचिव के अहम पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जिम्मेदारी दी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह संगठन में मिली जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। इस दौरान प्रदेश मंत्री रूबी त्यागी, जिला अध्यक्ष कविता चौधरी, ब्लॉक संरक्षक नीलम ,अनुज चौधरी ,बबीता सिमर, सुनीता सिंह, अंजलि, डिंपल पवार, रचना, राजविता मौजूद रही।

# पानी की निकासी को लेकर गहराया विवाद

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहल्ला टोली में नाली के पानी की की निकासी को लेकर विवाद एक बार फिर से गहरा गया है जिसको लेकर मंगलवार को नगर पालिका परिषद के कर्मचारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि नगर पालिका परिषद नाले का निर्माण विपरीत दिशा में करना चाहता है जिसके चलते यहाँ के निवासियों को पहले से ही जलभराव की समस्या से जूझ रहे है और नाली के विपरीत दिशा में निर्माण होने से जलभराव की समस्या और भी ज्यादा हो जाएगी वही भाजपा कार्यकर्ता साजिद ने कहा कि चेयरमैन भाजपा कार्यकर्ताओं की नही सुन रहे जिसको लेकर वह मुख्यमंत्री से मिलकर मामले की शिकायत करेंगे। वही एक पक्ष के काशिफ का कहना है कि उसके घर के सामने पानी भर जाने से काफी दिक्कत होती है जिससे बन्द पड़ी नाली खुलवाने पर आसपास के ही कुछ लोंगो ने उसका विरोध किया। वही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन का कहना है कि अभी सिर्फ नाली खुलवाई गई है जिससे जलभराव ना हो सके बाद जे ई से जाँच करा कर नाली का निर्माण कराया जाएगा जिससे जलभराव ना हो।

# हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 जुलाई से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 जुलाई से शुरू हो गए हैं।अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई हैं। हज पोर्टल मोबाईल एप्लिकेशन हज सुविधा एप के जरिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उत्तराखंड राज्य हज समिति अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन विंडो 7 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक खुली रहेगी। उन्होंने कहा कि जो आवेदक अपने आवेदन जमा करने से पहले दिशा-निर्देश सही तरह से पढ़ लें।आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट अनिवार्य है। पासपोर्ट कम से कम 31 दिसंबर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज कमेटी ने आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है। कमेटी का कहना है कि मृत्यु या गंभीर चिकित्सा आपात स्थिति की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को छोड़कर आवेदन रद्द करने की स्थिति पर आवेदक को वित्तीय नुकसान हो सकता है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) FTC-1 मुजफ्फरनगर।**

वाद सं0-189 सन् 2018

श्रीमति काशिफा उम्र 34 वर्ष पत्नी मौ0 साकिब पुत्री मरहूम नफीस खान निवासी मकान नं0-647 बन्दा रोड माही ग्राम कस्बा व थाना रूड़की जिला हरिद्वार हाल निवासी मौहल्ला शाहबुद्दीनपुर रोड निकट आयशा मस्जिद थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर।

....आवेदिका

बनाम

नईमा पत्नी कलीम खान निवासी मकान नं0-647 बन्दा रोड माहीग्राम कस्बा व थाना रूड़की जिला हरिद्वार।

........विपक्षी

अन्तर्गत धारा 12 डी0वी0 एक्ट थाना कोतवाली

आवेदिका श्रीमति काशिफा पत्नी मौ0 साकिब पुत्री मरहूम नफीस खान निवासी मकान नं0-647 बन्दा रोड माही ग्राम कस्बा व थाना रूड़की जिला हरिद्वार हाल निवासी मौहल्ला शाहबुद्दीनपुर रोड निकट आयशा मस्जिद थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर ने आपके विरूद्ध वाद सं0-189 सन् 2018 धारा-12 डी0वी0 एक्ट प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 15.08.2025 नियत की गयी है। इस सूचना द्वारा अवगत कराया जाता है कि आप नियत तिथित पर न्यायालय में उपस्थित हों और उक्त आवेदन के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति उपरोक्त तिथि पर न्यायालय में समय 10:30 बजे दिन स्वंय या किसी अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जायेगी। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपको अनुपस्थिति में गुणदोष के आधार पर किया जायेगा। आज दिनांक 01 माह 07 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से

**सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ0टी0सी0-प्रथम मुजफ्फरनगर।**

# रंगरेलिया मनाते पांच युवकों को धुना

**शाह टाइम संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बा स्थित एक ईंट भट्ठे पर बनी झुग्गी में युवती के साथ रंगरैलियां मनाते पांच युवकों को पकड़ कर लोगों जमकर धुनाई की। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दिए बिना ही युवकों को छोड़ दिया। लंढौरा में पक्के बाग के पास जंगल में ईंट भट्ठे की झुग्गियां बनी हुई है। बताया गया है कि सोमवार की दोपहर पांच युवक एक युवती को साथ लेकर झुग्गी में रंगरैलियां मना रहे थे। इसी बीच मामले की जानकारी आस पास के खेतों में काम कर रहे लोगों को लग गई जिन्होंने रंगरैलियां मनाते युवकों को पकड़ लिया। और जमकर धुनाई कर डाली युवक लंढौरा क्षेत्र के और युवती रुड़की क्षेत्र की बताई जा रही है। बाद में माफी तलाफी के बाद युवकों और युवती को छोड़ दिया गया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौ. हारिश एवं पुत्र वधू अफशा का आचरण मेरे में मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने मौ0 हारिश व अफशा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उपरोक्त दोनों के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मंगता हसन पुत्र नानू हसन नि. नसीरपुर कला थाना पथरी तह व जिला हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मिन्टू कुमार आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने अपने मिन्टू कुमार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मिन्टू कुमार के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रमोद कुमार पुत्र सोरेण सिंह नि. ग्राम इस्माइलपुर कोतवाली व तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

# शादीशुदा निकला प्रेमी, विरोध पर अश्लील वीडियो वायरल की धमकी

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में एक अजब मामला सामने आया है। जहां एक प्रेमी पहले से शादीशुदा निकला। प्रेमिका ने विरोध किया तो अब प्रेमी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि प्रेम विवाह करने का इंतजाम करने के नाम पर भी 65 हजार की ठगी हुई है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रुड़की कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि कर्मवीर यादव उर्फ कल्लू मियां निवासी बीएसएनएल टावर के पास लाखान मोहल्ला कोसली रेवाड़ी हरियाणा हाल रुड़की निवासी से जान पहचान थी। धीरे-धीरे एक दूसरे के घर भी आना-जाना हो गया। इस बीच सितंबर 2024 में कर्मवीर ने परिवार की गैर मौजूदगी में देर रात घर आकर शारीरिक संबंध बनाए थे। इस बीच चुपके से अश्लील वीडियो भी फोन से बना ली थी। विरोध करने पर कर्मवीर ने प्रेम विवाह करने की भी बात कही थी। इस बीच विवाह का इंतजाम करने के नाम पर 65 हजार भी ठग लिए। आरोप है कि नवंबर 2024 के बाद से कर्मवीर शहर से बाहर चला गया और तभी से पुलिस शिकायत करने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

# नशे में बुलेट से पटाखा छोड़ने पर शिक्षक को पुलिस ने पकड़ा

**रुड़की।** नशे की हालत में बुलेट से पटाखा छोड़ने पर पुलिस ने शिक्षक को पकड़ लिया। शिक्षक को गलत हरकत पर जमकर फटकार लगी और बुलेट को पुलिस ने सीज कर दी और पुलिस एक्ट में शिक्षक का भी चालान किया। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि वह देर रात चेकिंग पर निकले थे। इस बीच वह सरकारी वाहन से उतरकर पैदल ही गश्त कर रहे थे। तभी एक बुलेट सवार तेजी से पटाखा छोड़ते हुए निकाला। इसके बाद इंस्पेक्टर ने बुलेट चालक को रोक लिया। जमकर फटकारा और कोतवाली ले आए। जांच में पता चला की बुलेट सवार एक शिक्षक है और नशे में बुलेट दौड़ा रहा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि बुलेट को सीज किया है। जबकि शिक्षक का भी नगद चालान किया।

# भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव पर हमला, कार में तोड़फोड़

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव पर जानलेवा हमला किया गया है। जबकि कार में तोड़फोड़ हुई है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। हमले को पुराने विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

रुड़की कोतवाली को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव तेज प्रताप सैनी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर रुड़की की ओर आ रहे थे। तभी एक अन्य कार ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। वह कुछ समझ पाते उससे पहले उन पर जानलेवा हमला किया गया। जबकि कार में भी तोड़फोड़ की गई। कुछ ही मिनट में हमलावर पूरी घटना को अंजाम देकर अपनी कार में सवार होकर फरार हो गए। गनीमत रही कि हमले में जान बची है। घटना के बाद वह अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि एक पार्टी के जनप्रतिनिधि पर हमले की शिकायत मिली है। कार में आगे का शीशा टूटा मिला है। हमलावरों के बारे में पता लगाया जा रहा है। मामला पुराने विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

# कावड़ यात्रा शुरू, नारसन चेक पोस्ट को जवानों का इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कांवड़ यात्रा लगभग शुरू हो चुकी है और आने वाले चार से पांच दिनों में कांवड़ियों की भारी भीड़ बढ़ने की संभावना है। वहीं कांवड़ यात्रा को सकुशल करवाने में सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस के जवानों की रहती है। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने के बाद भी नारसन बॉर्डर का चेक पोस्ट पुलिस के जवानों के इंतजार में है । पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जल्द वहां जवानों की तैनाती की जाएगी।

जानकारी के अनुसार नारसन केवल जिले की नहीं बल्कि प्रदेश की सीमा भी है ऐसे में इस सीमा




पर पुलिस की जिम्मेदारी कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। लेकिन फिलहाल इस सीमा पर बने चेक पोस्ट पर से ही पुलिस नदारद है। अक्सर चेक पोस्ट का कक्ष भी खाली रहता है तो वहीं बाहर कांवड़ यात्रा के मद्देनजर लगाए गए तंबू को भी ड्यूटीरत कर्मचारी का इंतजार है। अब चेक पोस्ट में कब किसकी तैनाती होगी यह तो विभाग के अधिकारी तय करेंगे लेकिन आसपास के लोगों का मानना है कि बॉर्डर का चेक पोस्ट है इसलिए यहां मुस्तैदी जरूरी है। हालांकि पास में ही नारसन पुलिस चौकी है और किसी प्रकार की घटना या हंगामा आदि की स्थिति में पुलिस मौके पर पहुंच ही जाती है। वहीं इस संबंध में कोतवाली मंगलौर के प्रभारी शाँति कुमार का कहना है कि जल्द ही किसी कर्मी की तैनाती वहां की जाएगी।

# बरसात के मद्देनजर चलाया नाला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद के द्वारा पोकलैंड से बरसात को देखते हुए सफाई अभियांन जोर शोर से चलाया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल के द्वारा बताया गया की बरसात कभी भी जोर पकड़ सक्ति है और नालों की सफाई जोर शोर से कराई जा रही है। उन्होंने कहा नगर पालिका परिषद में 43 नाले हैं जिनको दो भागों में बांटकर उनके टेंडर करा दिये गए हैं। उन्होंने कहा कुछ काम ऐसे हैं जो लेबर से काम नहीं करा सकते उनमे पोकलैंड के द्वारा सफाई अभियांन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बरसात में किसी को परेशानी ना हो इसी वजह से सभी नालों की सफाई कराई जा रही है उन्होंने यह भी कहा की ठेकेदार को सख्त हिदायत दी गई है की बरसात होने से पहले पहले सभी नालों को साफ कर दे किसी भी जगह कोई कूड़ा करकट ना रहे जिससे बरसात में आम जनता को परेशानी का सामना झेलना पड़े। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को भी सख्त हिदायत देते हुए कहा की अपने ड्यूटी पर खड़े रहेना और जहां भी सफाई की जरूरत हो उसको भी साफ कर देना। उन्होंने यह भी कहा




की बरसात से अलग भी कावड मेले को शाँतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कहीं भी सफाई में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहीये। बाहर से आने वाले शिव भक्तों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहीये क्योंकी वह हमारे मेहमान हैं।

# टैरिफ वॉर तेज

सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश, जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। साथ ही समय सीमा में भी इजाफा किया। जैसाकि हम जानते हैं कि ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर नौ जुलाई डेडलाइन बताई थी, जो अब एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन 14 देशों में भारत शामिल नहीं है। भारत की बातचीत बराबर चल रही है और ऐसी खबरें आ रही हैं कि अमेरिका व भारत ट्रेड डील करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि अगर एक अगस्त से पहले समझौता नहीं हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू हो सकता है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखेगा। मतलब साफ है कि भारत अपने हितों के अनुसार ही अमेरिका से व्यापारिक डील करेगा। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाया है जो एक अगस्त से लागू होगा, जबकि जापान, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि ट्रम्प टैरिफ को लेकर बेहद गंभीर हैं और किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। ब्रिक्स से जुड़े देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं और कह चुके हैं कि अगर ब्रिक्स देशों ने अमेरिका के हितों को चोट पहुंचाई, तो वे उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। मतलब साफ है कि ट्रम्प सारे हथकंडे अपना रहे हैं। उनका व्यवहार भी स्थिर नहीं है वह कब क्या कर दें कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए जो पत्रकारों से बात की, वह उनके व्यवहार को बताने के लिए काफी है। उनका कहना था कि अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। भारत के साथ वह व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है, लेकिन यह कहते हुए वह दावा करने से नहीं चूके कि उनकी सरकार ने भारत–पाक के बीच बहुत बड़ी लड़ाई रुकवा दी थी। यह दावा पहले ही वह 14 से अधिक बार कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजे की बात यह है कि वह इस संघर्ष को रुकवाने में जिस धमकी का इस्तेमाल कर रहे हैं वह व्यापार की है। उनके अनुसार व्यापार ही वह शक्ति है जिसके बल पर उन्होंने भारत–पाक के बीच संघर्ष रुकवाया था। चीन ने भी ट्रम्प के रवैये की आलोचना की है, जिस तरह वह व्यापार को लेकर देशों से बात कर रहे हैं। चीन उससे नाखुश है। चीन का कहना है कि वह किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैर जरूरी दबाव डालने का हर रास्ते पर विरोध करने की बात चीन ने कही है। अब देखना यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपनी सोच को किस तरह आगे बढ़ाते हैं, लेकिन अब तक जो अमेरिकी राष्ट्रपति की जो छवि बनी है वह कोई विशेष उत्साह नहीं जगाती। उनके फैसलों से दुनिया में उथल पुथल ही अधिक मचती दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी दिक्कत तो उनका व्यवहार है, जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अब देखना है कि एक अगस्त के बाद किस तरह के समझौते सामने आते हैं।

## न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए



डा.बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी, उनका मानना था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए, यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए, आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा, संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है, न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए, आंबेडकर ने यह भी कहा था कि संविधान स्थिर नहीं रह सकता, इसे जैविक होना चाहिए और निरंतर विकसित होना चाहिए।

**–भूषण रामकृष्ण गवई, मुख्य न्यायाधीश**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर–दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन–कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई–डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव–विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन–कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई–डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई–डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे–छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई–डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच–समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**–स्रोत फीचर्स**



## अमेरिकी बच्चों की सेहत पर 'महा' रिपोर्ट

मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (महा – MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा–प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल–लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म–प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी–न–किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# सोनमर्ग जहां हर कदम पर बिखरा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे–भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।



**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची–ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**– यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**– यह दर्रा नगर को लेह–लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**– यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**– सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**– सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**– घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**– हवाई मार्ग– निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**– नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**– मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# गुरु जीवन रूपी अंधेरों को मिटाकर उजाला करते हैं



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है–ईश्वर से भी ऊंचा। गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, वे जीवन के वास्तुकार, जीवन–निर्माता एवं संस्कारदाता हैं। वे शिष्य को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि आत्मा के स्वरूप से उसका परिचय कराते हुए उसका जीवन–निर्माण करते हैं। वे न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, बल्कि जीवन की दुविधाओं, असमंजसों और भ्रमों को दूर कर उसे सार्थक दिशा देते हैं। ऐसे ही गुरु–तत्व के पूजन का पर्व है–गुरु पूर्णिमा, जो हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा और समर्पण से मनाया जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया, पुराणों की रचना की और महाभारत जैसा अद्वितीय महाकाव्य रचा।



वे न केवल ज्ञान के स्रोत थे, बल्कि आत्मबोध के महामार्गदर्शक भी थे। गुरु पूर्णिमा सन्मार्ग एवं सत–मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पव हैं, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिए पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म–जगत विशेषत: सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। गुरु एक नाम नहीं, एक स्थिति है। वे केवल शरीरधारी व्यक्ति नहीं, एक दिव्य ऊर्जा हैं, जो हमारे भीतर शक्ति, ज्ञान एवं संस्कार को जागृत करती है। कबीरदास ने कहा–गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाए? यह केवल काव्यात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की वह आधारशिला है, जिस पर जीवन की संपूर्ण संरचना टिकी है। गुरु वही है जो मैं को गलाकर तू में मिला दे, जो अहंकार को मिटाकर आत्मा को उभार दे। यह केवल पूजा का दिन नहीं, आत्म–प्रेरणा का दिवस हैय गुरु के प्रति कृतज्ञता, मार्गदर्शन और जीवन को नया मोड़ देने वाले उस आधारस्तंभ को नमन करने का दिन है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यंत पूज्यनीय है। भारत की मनीषा में गुरु केवल धार्मिक या शैक्षणिक संस्था के सदस्य नहीं हैं, बल्कि वे एक आध्यात्मिक बीज हैं, जो शिष्य के अंतर्मन में चेतना का वृक्ष बनकर प्रस्फुटित होते हैं। गुरु–शिष्य का संबंध केवल औपचारिक नहीं, आत्मिक होता है। शिष्य का अर्थ ही है–जो शीघ्र ग्रहण करे, जो समर्पित हो और गुरु का अर्थ है–गु यानी अंधकार और रु यानी प्रकाश–जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में यह संबंध अत्यंत पवित्र और जीवनपर्यंत टिकने वाला होता था। शिष्य केवल विद्या ही नहीं, गुरु के जीवन से भी सीखता था।

चरित्र, संयम, श्रद्धा, विनम्रता और सेवा जैसे गुण गुरु के व्यक्तित्व से शिष्य के भीतर स्वत: उतरते थे। महावीर ने गौतम गणधर को, बुद्ध ने आनंद को, नानक ने अंगद को, कृष्ण ने संदीपनि को और फिर स्वयं अर्जुन को शिष्यत्व प्रदान किया। राम ने गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से जीवन की मर्यादा सीखी, वहीं कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में कर्मयोग का उपदेश देकर जगतगुरु का दर्जा पाया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता–वह जीवन का दृष्टिकोण बदल देता है। आज भौतिकतावादी युग में गुरु के प्रति आस्था में गिरावट आई है। शिक्षा संस्थान सूचना का प्रसार कर रहे हैं, लेकिन जीवन मूल्यों का संचार नहीं कर पा रहे। विद्यार्थियों को डिग्रियां तो मिल रही हैं, पर दिशा नहीं। ज्ञान है, पर विवेक नहींय विज्ञान है, पर आत्मा नहींय बुद्धि है, पर करुणा नहीं। इसका मूल कारण है–जीवन में सच्चे गुरु का अभाव। आज ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं–पर गुरु नदारद हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि केवल पढ़ना–पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, जीवन जीने की कला सिखाने वाला गुरु चाहिए। गुरु जीवन की धार को नया मोड़ देते हैं। जैसे नदी जब किसी घाट से गुजरती है, तो उसका स्वरूप बदलता है, वैसे ही गुरु का सान्निध्य शिष्य के भीतर नई चेतना, नई दृष्टि और नया जीवन का संचार करता है। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिए आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है–गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। गुरु केवल उपदेश नहीं देता, वह जीता है। उसकी हर बात, हर चुप्पी, हर दृष्टि, हर मौन एक शिक्षा होती है।

उसका जीवन एक ग्रंथ होता है, जिसकी हर बात शिष्य के जीवन में अमिट छाप छोड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है–गुरु बिना गति नहीं, गुरु बिना ज्ञान नहीं, गुरु बिना मोक्ष नहीं। गुरु ही शिष्य के अंतर्मन में आत्मा की चिंगारी प्रज्वलित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है–सच्चे गुरु की पहचान। आज ऐसे कई कथित गुरु हैं जो अपने अनुयायियों की संख्या, चमत्कारों और धन–संपत्ति के आधार पर महान कहलाते हैं। वे गुरु नहीं, व्यापारी हैं–जो मोक्ष, आत्मज्ञान, कुण्डलिनी जागरण, रोग निवारण और चमत्कारों के नाम पर लोगों की भावनाओं का दोहन कर रहे हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे अज्ञानी, धन–लोलुप और पाखंडी लोगों ने गुरु परंपरा की छवि को धूमिल किया है। सही कहा गया है–पानी पीजै छान के, गुरु कीजै जान के। सच्चा गुरु न विज्ञापन करता है, न दिखावा। वह न चमत्कार दिखाता है, न भीड़ जुटाता है। वह मौन से शिक्षा देता है, दृष्टि से दिशा देता है और आशीर्वाद से शांति देता है। उसका सान्निध्य ही साधना है, उसकी चरण–वंदना ही ऊर्जा है। गुरु पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि चातुर्मास काल में जब ईश्वर निद्रा में होते हैं तब गुरु ही हमें मार्ग दिखाते हैं। वे हमारे दु:खों का हरण करते हैं, मोह का निवारण करते हैं और जीवन को नई दृष्टि देते हैं। गुरु का सच्चा सम्मान केवल उनकी मूर्ति पर फूल चढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना है। उनके उपदेशों को आत्मसात करना, अपने जीवन में विनम्रता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करना ही सच्ची गुरु–पूजा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में लिखा है–जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। जिनके पास कोई गुरु न हो, वे हनुमानजी को गुरु बना सकते हैं–क्योंकि गुरुत्व एक चेतना है, एक भावना है, एक समर्पण है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान मुद्दे पर भारत ने बनाई दूरी

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आतंकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिए अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हरीश ने यह कहते हुए कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।



**भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है**

**केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगाः पी हरीश**

उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत के राजदूत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास इस तरह से करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित संस्थायें और व्यक्ति, अलकायदा और उनके सहयोगी, आईएसआईएल और उनके सहयोगी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद शामिल हैं, अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफ़गानिस्तान की भूमि का दुरुपयोग न करें। इन समूहों में उनके क्षेत्रीय प्रायोजक भी शामिल हैं, जो उनके संचालन में सहायता करते हैं। उन्होंने अफ़गानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों और उनकी मानवीय और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थाई प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारत सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध अफ़गानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को अमे. रिका की आपत्तियों पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें अफ़गानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न को वापस लेने और सभी आतंकवादी संगठनों को खत्म करने का आह्वान किया गया। ग्यारह पृष्ठ के प्रस्ताव के पक्ष में 116 मत पड़े और भारत, रूस, चीन और ईरान सहित 12 लोगों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव जर्मनी की ओर से प्रायोजित था।



जम्मू। पंजीकरण केंद्र के बाहर पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा कर रहे अमरनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भोजन तैयार करते हुए।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## केन्या के विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की मौत, 28 घायल

**नैरोबी।** केन्या में प्रदर्शन के दौरान सोमवार को सुरक्षा अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि अन्य 29 घायल हो गए। इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है।

एक सरकारी मानवाधिकार संस्था ने यह जानकारी दी है। केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (केएनसीएचआर) ने देश के 17 काउंटियों में 37 लोगों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। केएनसीएचआर ने कहा कि लूटपाट और नुकसान के मद्देजर प्रमुख शहरों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। छह काउंटियों में लूटपाट की घटनाएं दर्ज की गई है जबकि मध्य केन्या में संदिग्ध आपराधिक तत्वों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों में आगजनी

**इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है**

की घटनाएं सामने आई हैं। मानवाधिकार संस्था ने एक बयान में कहा कि केएनसीएचआर ने पाया है कि पुलिस उच्च न्यायालय के उस आदेश की लगातार अवहेलना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि प्रदर्शनों को रोकने वाले सभी अधिकारी वर्दी में रहें और हर समय पहचाने जाने योग्य बने रहें। पुलिस ने देश के प्रमुख सड़कों और प्रवेश बिंदुओं पर बड़े पैमाने पर पुलिस अवरोधक लगाए गए थे, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई, जबकि सरकार ने 06 जुलाई को निर्देश जारी कर सभी सार्वजनिक कर्मचारियों को बिना किसी बहाने के काम पर आने को कहा था।

# इजरायल-अमेरिका की और बढ़ी नजदीकियां

## इजरायल ने नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए कहा कि उनको (ट्रम्प) पुरस्कार मिलना चाहिए।

नेतन्याहू ने ट्रम्प को वह पत्र भी सौंप दिया है, जिसे उनकी सरकार की ओर से नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया है। इस पत्र में ट्रंप की ओर से शांति प्रयासों को बताते हुए उनको नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। उन्होंने ट्रम्प से कहा कि आपको यह (शांति का नोबेल) मिलना चाहिए। आप इस सम्मान के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद नेतन्याहू की अमे. रिका की यह तीसरी यात्रा है। नेतन्याहू की इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम पर चर्चा करना है। नेतन्याहू ने अब्राहम समझौते जैसे शांति समझौतों की मध्यस्थता में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की, जिसका उद्देश्य इजरायल और विभिन्न अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य वैश्विक संघर्षों में शांति बनाए रखने में अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प आप एक के बाद एक देश और एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं।

इसलिए, मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र दिखाना चाहता हूँ। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान भी अमे. रिकी राष्ट्रपति को नोबेल का शांति पुरस्कार देने की गुजारिश कर चुका है।

### इजरायल को अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद

**यरूशलेम/वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है उन्हें उम्मीद है कि देश को भविष्य में अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलेगी। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वाशिंगटन में सोमवार को रात्रिभोज के बाद कहा कि देश को भविष्य में पेंटागन से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कम से कम कुछ समय के लिए ईरान आक्रामकता नहीं दोहराएगा लेकिन उनका देश ऐसी स्थिति के लिए तैयार है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं ने पिछले महीने ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल और अमेरिकी हमलों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने हालांकि इस संभावना को स्वीकार किया कि अगर ईरान शांति बनाए रखना नहीं चाहता है तो शत्रुता फिर से शुरू हो सकती है।

## टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 87 हुई

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है और कई अन्य लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैंप मिस्टिक ने सोमवार को केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी के किनारे 99 साल पुराना ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविर के शरणार्थियों और परामर्शदाताओं के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण चार और पांच जुलाई को मध्य टेक्सास में अचानक बाढ़ आई। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कल सुबह तक शि. विर की दस बालिकाओं और एक परामर्शदाता का पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि कल सुबह तक केर काउंटी में बाढ़ में 48 वयस्कों और 27 बच्चों की मौत की पुष्टि हुई थी, जिनमें से कई की पहचान की जानी बाकी है। मध्य टेक्सास में चार अन्य काउंटियों में 12 लोगों के मरने की रिपोर्ट सामने आई है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।




# सर्बिया में सैकड़ों जंगलों में लगी आग, गर्मी के कारण राष्ट्रीय आपातकाल लागू

**बेलग्रेड।** सर्बिया में भीषण गर्मी और तेज़ हवाओं के कारण जंगलों में लगी तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है और आग पर काबू पाने के लिए सैन्य बलों को तैनात किया गया है। सर्बिया के गृह मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में आग लगने की 200 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं और इसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

दक्षिणी नगरपालिका कुर्सुमलिजा और पूर्व में बोर में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों का उपयोग करके आग पर काबू पाने के काम में जुट गए हैं। स्थानीय अधिकारियों, अग्निशामकों और स्वयंसेवकों के साथ काम करते हुए वे दक्षिणी सर्बिया में कई जगहों पर आग पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं, हालांकि कई हॉटस्पॉट अभी भी सक्रिय हैं। बोर एक ऐसा शहर है जो अपने खनन उद्योग के लिए जाना जाता है, क्रिवेलज बस्ती के पास 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जंगल की आग जल रही है। चीनी संचालित ज़िजिन माइनिग सहित स्थानीय कंपनियों द्वारा समर्थित आपातकालीन दल चुनौतीपूर्ण, हवादार परिस्थितियों में आग की लपटों से जूझ रहे हैं। बोर झील के पास और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी आग लगी है। मध्य सर्बिया में सोमवार को गोर्नजी मिलनोवाक के आसपास आग के 12 घटनाएं सामने आयीं, जिससे कृषि संरचनाओं और वाहनों को नुकसान पहुंचा। क्रागुजेवैक, प्रोकुप्लजे, वलजेवो और निस जैसे शहरों में भी आग लगने की खबरें आई, जिससे घर, खेत और जंगल प्रभावित हुए। सर्बिया के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री इविका डेसिक ने कहा कि रविवार को जंगल में आग लगने की 197 घटनाएं दर्ज की गई। उन्होंने पुलिस, बचाव इकाइयों, हेलिकॉप्टरों और स्वयंसेवकों की भागीदारी को देखते हुए कहा कि सभी उपलब्ध संसाधन लगे हुए हैं। सरकार ने नागरिकों से खुली लपटों से बचने और किसी भी आग की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है।



**सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों से आग पर काबू पाने में जुटे**







